Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
माँ कात्यायनी
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874
माँ कात्यायनी

वर्ष: 6 अंक: 267 | रविवार , 28 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भगदड़ उस समय मची जब विजय जनसभा को संबोधित कर रहे थे

# तमिलनाडु में अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ से 36 की मौत

**08** बच्चों **16** महिलाओं की गई जान

नई दिल्ली।

अभिनेता से नेता बने और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय की करूर रैली में शनिवार को भगदड़ मच गई। इसमें कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग जख्मी हो गए। मृतकों में 8 बच्चे और 16 महिलाएं भी शामिल हैं। भगदड़ उस समय मची जब विजय जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीड़ लगातार बढ़ती गई और बेकाबू हो गई। भगदड़ मचने के बाद विजय ने अपना भाषण बीच में ही रोक दिया।

घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस बीच मुख्यमत्री एमके स्टालिन खुद पर हालात पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, ्मैंने स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम, पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी और जिला कलेक्टर से संपर्क किया है ताकि भीड़ के कारण बेहोश हुए लोगों को तुरंत उपचार प्रदान किया जा सके। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सुब्रमण्यम भी करूर पहुंच गए हैं और उन्होंने कहा कि नजदीक जिलों तिरुचि और सलेम से भी करीब 45 चिकित्सकों को करूर भेजा गया है ताकि घायलों को समुचित उपचार मिले सके। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने रैली के दौरान कई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### कैसे हुई घटना

विजय जो तमिलगा वेत्रि कझगम के अध्यक्ष हैं, वे शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे रैली में पहुंचने वाले थे। लेकिन वे कम से कम 6 घंटे की देरी से पहुंचे। इस दौरान भीड़ लगातार बढ़ती रही और गर्मी के कारण कई लोग बेहोश हो गए। जैसे ही विजय पहुंचे उन्होंने अपनी स्पीच रोककर भीड़ को पानी की बोतलें बांटनी शुरू की। हालांकि, इस दौरान हालात और बिगड़ गए।





विजय बोले मेरा दिल टूट गया यह देखकर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जताया दुख



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने करूर हादसे को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के करूर जिले में भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की दुखद मृत्यु के बारे में जानकर दु:ख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना को लेकर ट्वीट किया और दुख जताया है। उन्होंने कहा, ्तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने का कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## लाहौल-स्पीति के शीत मरुस्थल को बायोस्फीयर रिजर्व का दर्जा

शिमला/नई दिल्ली।

यह संयुक्त राष्ट्र निकाय की ओर से नामित 20 देशों के 26 नए बायोस्फीयर रिजर्वों में से एक है, जिनकी घोषणा संगठन ने शनिवार को की। पीएम मोदी ने बधाई दी है। यूनेस्को ने ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र में ऊंचाई पर स्थित भारत के शीत मरुस्थल बायोस्फीयर रिजर्व को मान्यता दे दी है। यह संयुक्त राष्ट्र निकाय की ओर से नामित 20 देशों के 26 नए बायोस्फीयर रिजर्वों में से एक है, जिनकी घोषणा संगठन ने शनिवार को की। पीएम मोदी ने बधाई दी है। यूनेस्को के



अनुसार, शीत मरुस्थल बायोस्फीयर रिजर्व हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के मनोरम परिदृश्य में लगभग 7,770 वर्ग किलोमीटर में फैला है।

## 'पाकिस्तान बना वैश्विक आतंकवाद का अड्डाः जयशंकर



नई दिल्ली।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर हमला बोला और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भारत के रुख को पेश किया। उन्होंने पहलगाम हमला, आतंकवादियों के वित्तपोषण और उनके सार्वजनिक महिमामंडन की निंदा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम बहस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया और उसे वैश्विक आतंकवाद का केंद्र बताया। यूएनजीए में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संबोधन की शुरूआत 'भारत की जनता की ओर से नमस्कार' कहकर की। आगे उन्होंने कहा कि भारत ने आजादी के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती का सामना किया है, क्योंकि उसका एक पड़ोसी देश आतंकवाद का गढ़ है। इस दौरान बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि दशकों से दुनिया में हुए बड़े आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी एक देश से जुड़ी रही हैं। अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि भारत स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है। हमारा पड़ोसी दशकों से वैश्विक आतंकवाद का केंद्र रहा है। सीमा पार बर्बरता का सबसे ताजा उदाहरण इस वर्ष अप्रैल में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या थी। जो लोग आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों का समर्थन करते हैं, उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

> भारत स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है

### दुनियाभर के पेशेवरों को कनाडा बुलाने की तैयारी में पीएम कार्नी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर करने के चलते कई स्किल्ड वर्कर्स (कुशल श्रमिक) का वहां जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कनाडा इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने शनिवार को लंदन में पत्रकारों से कहा कि वह अमेरिका में काम करने वाले टेक्नोलॉजी सेक्टर के उन लोगों को कनाडा बुलाना चाहते हैं, जो अब वीजा फीस बढ़ने से मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार अपनी आव्रजन नीति की समीक्षा कर रही है और ऐसे कुशल लोगों को अपने यहां बुलाने की योजना बना रही है।

### 'मौलाना भूल गया था यूपी में किसका शासन है'

## बरेली हिंसा पर सीएम योगी बोले- जो भाषा समझते थे, उसी में समझाया गया

लखनऊ।

विकसित यूपी विजन 2047 के कार्यक्रम में सीएम योगी ने बरेली हिंसा पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि मौलाना भूल गया था कि यूपी में किसका शासन है। जो जिस भाषा में समझता है, उसे उसी की भाषा में समझाया गया।

हमने साफ कहा है कि अब ना सड़क पर जाम लगेगा, ना शहर में कर्फ्यू। राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर यूपी के विकास और आने वाले समय में प्रदेश के विकास के लक्ष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर एक्सप्रेसवे, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। सीएम ने कहा कि बरेली में वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। कहता था, धमकी देंगे कि हम शहर जाम कर देंगे। हमने कहा ना तो जाम होगा... ना ही कर्फ्यू लगेगा। सिखाएंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। 2017 से पहले यही होता था। लेकिन, अब हमने ऐसे बैरियर को लागू किया है, जिससे चुन-चुन करके ऐसे लोगों को सबक सिखाया। वह जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया गया।



## वाराणसी जाने वाली दो उड़ानें लखनऊ एयरपोर्ट पर कराई गईं लैंड, 334 यात्री थे सवार

लखनऊ।

अहमदाबाद व दिल्ली से वाराणसी जा रही दो फ्लाइटें लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड कराई गईं। दोनों विमानों में 334 यात्री सवार थे। खराब मौसम के कारण विमानों को डायवर्ट किया गया। मौसम ठीक होने के बाद उन्हें रवाना किया गया। अहमदाबाद व दिल्ली से वाराणसी जाने वाली दो उड़ानें खराब मौसम के चलते लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दी गईं। विमानों में कुल 334 यात्री थे। मौसम सामान्य होने के बाद विमानों को वाराणसी रवाना किया गया।




## भारत के आमंत्रण पर न्यूयॉर्क में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक

नई दिल्ली।

आतंकवाद पर पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ के अनर्गल प्रलाप के कुछ ही घंटे बाद भारत ने न्यूयार्क में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की विशेष बैठक बुलाई। बैठक में आतंकवाद की समस्या पर प्रमुखता से चर्चा हुई और सभी सदस्य देशों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। इन देशों ने हर तरह के आतंकवाद को एक सिरे से खारिज करते हुए इसके खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने की बात कही है। ब्रिक्स देशों ने वैश्विक कारोबार को खतरे में डालने वाले प्रयासों और दबाव बनाने के लिए शुल्क लगाने की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई है। कई विशेषज्ञ भारत की तरफ से बुलाई गई इस विशेष बैठक को ट्रंप प्रशासन और पाकिस्तान की सरकार व सेना के बीच बढ़ रही नजदीकियों से जोड़कर देख रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर यह बैठक आगे कभी भी बुला सकते हैं, क्योंकि भारत एक वर्ष तक ब्रिक्स की अध्यक्षता करने वाला है। हालांकि, उन्होंने अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक का समय इसके लिए चुना। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग की है और अपने दो सदस्यों भारत और ब्राजील के संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका निभाने की इच्छा का समर्थन करने की बात कही है।

- बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में ब्रिक्स ने आतंकवाद पर दोहरी नीति अपना रहे देशों पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे इसे खारिज करते हैं।



## संपादक की कलम से

# अब अति पिछड़े




ललित शर्मा
संपादक

पिछड़े, अंतत:, पिछड़े ही रहे हैं और संभवत: इसी हाल में रहेंगे। वे कभी अगड़े नहीं बन सकते, क्योंकि सरकारें ऐसा चाहती हैं। बिहार में चुनाव का वक्त आया है, तो फिर अति पिछड़ों की याद चली आई है। देश की आजादी के 78 लंबे सालों के दौरान पिछड़ों को आरक्षण का चुग्गा जरूर दिया जाता रहा है, लेकिन वह भी अति सीमित है, लिहाजा पिछड़े कभी भी अगड़े नहीं बन सकते। शायद यही उनकी नियति है। तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों को स्वीकृति देकर लागू किया था, तो पिछड़ों के कुछ नसीब खुले थे। अब एक बार फिर जातीय गणना और आरक्षण की घोषणाएं की गई हैं। कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि बिहार में उसकी सरकार बनी, तो सरकारी ठेकों में 50 फीसदी तक आरक्षण अति पिछड़ों को दिया जाएगा। निजी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए भी आरक्षण लागू किया जाएगा। पंचायतों और नगर निकायों में अभी तक जो 20 फीसदी आरक्षण है, उसे बढ़ा कर 30 फीसदी किया जाएगा। हम याद दिला दें कि जब 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने अति पिछड़ों का एक अलग वर्गीकरण किया था और उन्हें पहली बार पंचायतों और नगर निकायों में 20 फीसदी आरक्षण की सुविधा दी थी। यही नहीं, उस दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 40.05 करोड़ रुपए की राशि भी आवंटित की थी। नतीजतन तब से आज तक अति पिछड़े नीतीश के पक्ष में लामबंद रहे हैं। करीब 70-80 फीसदी तक मतदान भी जनता दल-यू के पक्ष में किया जाता रहा है। अब कांग्रेस ने कुछ घोषणाएं कर नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। कांग्रेस ने अपने संकल्प-पत्र में यह भी वायदा किया है कि सरकार बनने पर वह अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम भी पारित करेगी। बेशक नीतीश भी अपना वोट बैंक बचाए रखने को कुछ बड़ी आरक्षणनुमा घोषणाएं कर सकते हैं। वैसे आज प्रधानमंत्री मोदी के जरिए मुख्यमंत्री ने 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए प्रति, यानी 7500 करोड़ रुपए, योजना का शुभारंभ कराया है। बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता, स्नातकों के लिए लैपटॉप आदि कई घोषणाओं की झड़ी लगी है। बहरहाल सवाल फिर भी यथावत है कि क्या ऐसी घोषित व्यवस्थाओं से अति पिछड़े अगड़े बन सकेंगे। हमारा अनुभव है कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं होगा। देश के कुछ आंकड़े प्रस्तुत हैं, जिनके लिए तमाम सरकारें दोषी और जिम्मेदार हैं। देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 2630 ऐसे पद आज भी रिक्त हैं, जिन पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अति पिछड़े प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियां की जानी हैं। दिल्ली के एम्स अस्पताल में ही रेजिडेंट डॉक्टरों के ऐसे 730 पद खाली पड़े हैं, जो दलित, आदिवासी और अति पिछड़ों के लिए लगभग आरक्षित हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं। एक अनुमान है कि देश में 63 फीसदी से अधिक आबादी ओबीसी और अति पिछड़ों की है। इसे बिहार तक समेट कर न देखा जाए। संविधान के मुताबिक, पर्याप्त शिक्षा के बाद शीर्ष और बेहतर सरकारी पदों पर नियुक्तियां अति पिछड़ों का भी अधिकार है। आज कांग्रेस टसुए बहा रही है, लेकिन प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर प्रधानमंत्री राजीव गांधी तक सभी पिछड़ा-विरोधी रहे हैं और किसी भी तरह के आरक्षण के खिलाफ थे, लिहाजा मंडल आयोग की रपट धूल फांक रही थी। आज राहुल गांधी ने घोषणा की है कि कांग्रेस आरक्षण की 50 फीसदी की दीवार को भी तोड़ेगी। क्या पार्टी सर्वोच्च अदालत के फैसले के खिलाफ भी जाएगी? केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने संसद में जो जानकारी दी थी, उसके मुताबिक, बीते पांच सालों में दलित, आदिवासी के आरक्षित और पिछड़े वर्गों के कुल 1195 चेहरों को चुना गया। उन्हें संघ लोक सेवा आयोग ने आईएएस, आईपीएस, आईएफएस आदि का कैडर प्रदान किया। इतने बड़े देश की पिछड़ी आबादी में क्या यह संख्या पर्याप्त है? और ये पद अभी जूनियर स्तर के हैं। सरकार बताए कि महत्वपूर्ण और शीर्ष पदों पर कितने अति पिछड़े कार्यरत हैं। बहरहाल यह बहस अनंत है।

## छठां नवरात्र

# मां कात्यायनी की आराधना से प्रेम और विवाह से संबंधित परेशानी का होता अंत



### मां कात्यायनी का स्वरूप

मां दुर्गा का यह स्वरूप अत्यंत दिव्य है। इनका रंग सोने के समान चमकीला है तो इनकी चार भुजाओं में से ऊपरी बाएं हाथ में तलवार और नीचले बाएं हाथ में कमल का फूल है। जबकि इनका ऊपर वाला दायां हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे का दायां हाथ वरदमुद्रा में है।

### देवी कात्यायनी का मंत्र

ॐ देवी कात्यायन्यै नम:।।
सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

### प्रिय भोग और रंग

माता दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी को शहद अति प्रिय है। नवरात्रि के छठे दिन माता को शहद का भोग जरूर लगाएं। शहद के भोग से आकर्षण शक्ति की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी को हरा रंग प्रिय है, इसलिए पूजा में हरे रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

### पूजा का लाभ

विवाह और प्रेम: मां कात्यायनी की पूजा से विवाह और प्रेम संबंधों में सुख-शांति की प्राप्ति होती है।
सुख-समृद्धि: मां कात्यायनी की पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है।
आध्यात्मिक उन्नति: मां कात्यायनी की पूजा से आध्यात्मिक उन्नति होती है और भक्तों को ज्ञान और आत्म-विश्वास की प्राप्ति होती है।

### पूजा विधि

स्नान और शुद्धिकरण: प्रात: स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
प्रतिमा स्थापित करें: घर के पूजा स्थल या मंदिर में चौकी पर मां कात्यायनी की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें।
पुष्प और अक्षत अर्पित करें: मां कात्यायनी को फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।
आरती और दुर्गासप्तशती पाठ: मां कात्यायनी की आरती करें और दुर्गासप्तशती या देवी कवच का पाठ करें।

*शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र परंपरागत श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा है। माहौल भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि मां की आराधना करने से विवाह से संबंधित परेशानी दूर हो जाती है। प्रेम संबंध में सफलता प्राप्त होती है। गृहस्थ जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। मां कात्यायनी की उपासना से जीवन में कई तरह के बदलाव होते हैं। वैवाहिक जीवन दुरुस्त होता है। गृहस्थ जीवन में शांति आती है। आध्यात्मिक गुरु पंडित कमलापति त्रिपाठी प्रमोद कहते हैं कि ऋषि कात्यायन के यहां जन्म लेने के कारण देवी मां को कात्यायनी के नाम से जाना जाता है। कहते हैं मां की उपासना से व्यक्ति को किसी प्रकार का भय या डर नहीं रहता है। साथ ही उसे किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ता है। वहीं जिन लोगों को शादी होने में दिक्कतें आ रही हैं उन्हें मां कात्यायनी की पूजा जरूर करनी चाहिए। मां कात्यायनी की आराधना करने से शादी की बाधाएं दूर होती हैं। मनचाहे जीवनसाथी की प्राप्ति शीघ्र होती है।*

## डॉ.राजीव डोगरा



### चिड़िया

कविता

उड़ती चिड़िया आसमान में
दोनों पंख फैलाए।
छोटी सी अपनी चोंच से
दाना-दाना चुग खाएं।
अपने पंख फैलाए उड़ती
पूर्व से पश्चिम
उत्तर से दक्षिण
हर कोने पर
अपना हक जमाती।
डाल-डाल पर
पात-पात पर बैठ
अपना मधुर गीत
सबको सुनाती।

# संघ और स्त्रियाँ: सेविका समिति से शताब्दी तक की यात्रा



प्रियंका सौरभ

*सितंबर 2025 में आयोजित व्याख्यानमाला के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज महिलाओं की भागीदारी समाज और राष्ट्र निर्माण में पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। व्याख्यानमाला में यह भी कहा गया कि 2025 का भारत उस मुकाम पर खड़ा है, जहाँ महिला नेतृत्व केवल पूरक नहीं बल्कि निर्णायक भूमिका निभा रहा है। वक्ताओं ने यह भी जोड़ा कि आधुनिक शिक्षा, तकनीक और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाएँ जिस तरह से आगे बढ़ रही हैं, संघ परिवार को भी उसी अनुरूप अपनी संरचना और कार्यपद्धति को और खुला बनाना होगा। व्याख्यानमाला में अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और विचारकों ने भी महिला नेतृत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे राष्ट्र सेविका समिति की महिलाएँ दशकों से शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह तर्क दिया गया कि यदि 1925 में संघ की नींव रखी गई थी, तो उसी दशक में महिलाओं के लिए समानांतर संगठन की स्थापना इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं की उपस्थिति को शुरूआत से ही महत्वपूर्ण माना गया। 1925 से 2025 की यात्रा दिखाती है कि संघ की विचारधारा से प्रेरित महिलाओं ने अपना अलग संगठन खड़ा कर लिया और उसे राष्ट्रीय स्तर तक फैलाया। लक्ष्मीबाई केलकर से लेकर शांथक्का तक यह सिलसिला निरंतर चला है। आज जब भारतीय समाज में महिलाएँ राजनीति, शिक्षा, व्यवसाय और सेना तक में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, तब यह सवाल और महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि—क्या भविष्य में महिलाएँ सीधे संघ की शाखाओं और नेतृत्व में भी शामिल होंगी, या वे हमेशा समानान्तर संगठन तक ही सीमित रहेंगी? संघ की शताब्दी महिलाओं की इस यात्रा का पड़ाव भी है—एक यात्रा जिसमें परम्परा, अ नुशासन, सेवा और नेतृत्व का संगम है, लेकिन समानता और सहभागिता की*

सितंबर 2025 में आयोजित व्याख्यानमाला के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज महिलाओं की भागीदारी समाज और राष्ट्र निर्माण में पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि स्त्री-शक्ति केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में भी उसकी बराबरी की भूमिका होनी चाहिए। भागवत ने कहा कि मातृशक्ति के बिना राष्ट्र अधूरा है। उन्होंने इस पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदा पूजनीय और निर्णायक स्थान दिया गया है, इसलिए संघ परिवार की शाखाओं और गतिविधियों में महिलाओं का सक्रिय योगदान भविष्य की दिशा तय करेगा। भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक महत्त्वपूर्ण संगठन के रूप में स्थापित है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संस्था मूलतःइसकी शाखाओं, अनुशासन और विचारधारा ने धीरे-धीरे भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा असर डाला। परन्तु जब हम महिलाओं की भूमिका की ओर देखते हैं, तो तस्वीर कुछ अलग मिलती है। आरएसएस के समानान्तर 1936 में जन्मी राष्ट्र सेविका समिति ने ही स्त्रियों के लिए रास्ता खोला। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तब इस यात्रा पर नजर डालना जरूरी है कि स्त्रियों की भागीदारी कहाँ से शुरू हुई और 2025 तक वह किस मुकाम तक पहुँची।

**शुरूआती दौर: 1925 से 1936**

संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई। यह संगठन अनुशासन, परेड, शाखा और राष्ट्रवाद पर आधारित था। लेकिन इसकी संरचना पुरुष प्रधान रही। हेडगेवार स्वयं मानते थे कि स्त्रियों को अलग मंच चाहिए, क्योंकि उस समय के सामाजिक परिवेश में स्त्रियों का सीधे पुरुष शाखाओं में आना सहज नहीं माना जाता था। इसी पृष्ठभूमि में 1936 में लक्ष्मीबाई केलकर ने विजयादशमी के दिन वर्धा में राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की। हेडगेवार ने भी इस पहल का स्वागत किया और सुझाव दिया कि महिलाएँ अपनी संस्था चलाएँ, ताकि वे अपनी शक्ति, संस्कृति और नेतृत्व को स्वतंत्र रूप से विकसित कर सकें। इस तरह महिलाओं की भागीदारी औपचारिक रूप से शुरू हुई।

**सेविका समिति की स्थापना और शुरूआती संघर्ष**

1939 में पहली बार समिति ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। धीरे-धीरे अलग-अलग प्रांतों में इसकी शाखाएँ बनने लगीं। समिति का उद्देश्य केवल राष्ट्रवादी विचार फैलाना नहीं था, बल्कि स्त्रियों में ह्यमातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्वह्व (मातृत्व, कर्तृत्व, नेत्रृत्व) जैसे गुणों का विकास करना भी था। इसमें शारीरिक प्रशिक्षण, योग, गीत, खेल, अनुशासन और समाज सेवा शामिल किए गए। आजादी के आंदोलन में भी समिति की महिलाओं ने परोक्ष रूप से भूमिका निभाई। परन्तु उनकी गतिविधियाँ मुख्यतः सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित रहीं।

**1940 से 1970 का दशक: विस्तार की ओर**

स्वतंत्रता के बाद के दशकों में समिति का नेटवर्क बढ़ा। लक्ष्मीबाई केलकर की मृत्यु (1978) तक संगठन कई राज्यों में फैल चुका था। उनके बाद सरस्वती आपटे प्रमुख संचालिका बनीं। इस समय तक शाखाओं की संख्या हजारों में पहुँच गई थी। समिति का जोर महिला शिक्षा, संस्कार, और सेवा परियोजनाओं पर रहा। आपातकाल (1975झ77) में समिति से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया। इस दौर ने उन्हें राजनीतिक रूप से अधिक सचेत और सक्रिय बनाया।

**1980,2000: आधुनिकता और परम्परा का संगम**

90 के दशक में जब भारतीय राजनीति में भाजपा और संघ परिवार का प्रभाव बढ़ने लगा, तो महिलाओं की भागीदारी भी चर्चा में आने लगी। समिति ने इस समय शहरी और पेशेवर महिलाओं तक पहुँच बनाने की कोशिश की। महिला शिक्षिकाएँ, चिकित्सक और नौकरीपेशा स्त्रियाँ समिति के कार्यक्रमों से जुड़ने लगीं। 1994 में उषाताई चाटे और 2006 में प्रमिलाताई मेढे प्रखर नेतृत्व के रूप में सामने आईं। इन नेताओं ने महिला शाखाओं को आधुनिक मुद्दों—जैसे कामकाजी महिलाओं की चुनौतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार में संतुलन—से जोड़ा।

**2012 से आगे: शांथक्का का नेतृत्व**

2012 में वेंकट्रामा शांता कुमारी, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शांथक्का कहा जाता है, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका बनीं। उनका जन्म 1952 में हुआ और वे लंबे समय से संघ परिवार के कार्य में सक्रिय थीं। उनके नेतृत्व में समिति ने अपना विस्तार और तेज किया। आज समिति के पास चार से पाँच हजार शाखाएँ हैं, जो लगभग 800 से अधिक जिलों में फैली हुई हैं। यद्यपि सटीक आँकड़े संगठन सार्वजनिक नहीं करता, लेकिन अनुमान है कि लाखों महिलाएँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ी हुई हैं। समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, छात्रावास और महिला सशक्तिकरण परियोजनाएँ चला रही है। शहरी महानगरों में भी इसकी शाखाएँ सक्रिय हो रही हैं।

**संघ और महिला प्रश्न**

संघ के भीतर महिलाओं को औपचारिक सदस्यता या नेतृत्व स्थान नहीं दिया गया है। आरएसएस की शाखाएँ केवल पुरुषों के लिए ही हैं। महिलाएँ केवल समिति के माध्यम से संघ के विचारधारा संसार का हिस्सा बनती हैं। आलोचकों का कहना है कि यह व्यवस्था महिलाओं को मुख्यधारा से बाहर रखती है। वे पुरुषों के बराबर निर्णयकारी पदों पर नहीं पहुँच पातीं। परन्तु समर्थकों का मत है कि अलग संगठन होने से महिलाएँ स्वतंत्र रूप से नेतृत्व और गतिविधियाँ विकसित कर पाती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई बार कहा है कि महिलाओं की भागीदारी प्राकृतिक रूप से बढ़ रही है। परन्तु अब भी नेतृत्व संरचना में असमानता साफ दिखाई देती है।

**वर्तमान स्थिति (2025)**

संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। उसके लगभग 83,000 शाखाएँ देशभर में सक्रिय बताई जाती हैं। वहीं राष्ट्र सेविका समिति की शाखाएँ भी लगातार बढ़ रही हैं। समिति अब गाँवों के साथ-साथ महानगरों में भी काम कर रही है। इसके प्रशिक्षण वर्गों में स्कूली छात्राओं से लेकर पेशेवर महिलाएँ तक भाग ले रही हैं। 2025 में समिति का चेहरा परम्परा और आधुनिकता का मिश्रण है—जहाँ एक ओर मातृत्व और परिवार आधारित मूल्य हैं, वहीं दूसरी ओर समाज सेवा और महिला नेतृत्व के अवसर भी हैं। समिति ने लाखों महिलाओं को संगठित कर आत्मविश्वास और सामूहिकता दी। शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज पर ठोस असर पड़ा। महिलाओं को नेतृत्व और प्रबंधन का अवसर मिला। महिलाएँ संघ की मुख्य धारा (आरएसएस) में निर्णयकारी भूमिकाओं से बाहर रहीं। संगठन का वैचारिक ढाँचा महिलाओं को परम्परागत भूमिकाओं तक सीमित करता है। आधुनिक नारीवादी विमर्श से समिति का दृष्टिकोण टकराता है, क्योंकि वह स्वतंत्रता और समानता की बजाय मातृत्व और संस्कृति पर जोर देती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# श्रद्धा और संस्कृति का संगम : रामलीला महोत्सव ने बांधा दर्शकों का मन

**वेलकम इंडिया गुलाज आलम**



**रामपुर।** शनिवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड भक्ति, कला और संस्कृति का संगम बन गया। मानो पूरा अयोध्या धाम ही रामपुर की धरती पर उतर आया हो। श्रीरामलीला महोत्सव के बारहवें दिन श्रद्धा और उत्साह की ऐसी छटा बिखरी कि हर दर्शक देर रात तक वहीं ठहरने को विवश हो गया।

सुबह का आरंभ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से हुआ। नटखट बालकृष्ण की माखन चोरी की अदाओं ने बच्चों को खिलखिलाकर हंसा दिया, वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति से भीग गईं। पूरा वातावरण इस तरह रस और रंग से सराबोर हो उठा कि दर्शकों को लगा मानो वे वृंदावन की गलियों में पहुंच गए हों। शाम ढलते ही रामलीला मैदान दैदीप्यमान रोशनी, भजनों और मंत्रोच्चार से जगमगा उठा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और एक के बाद एक जीवंत प्रस्तुतियां दीं। खरदूषण वध का पराक्रम, सीता हरण की वेदना, जटायु मोक्ष का बलिदान, शबरी प्रसंग की अद्वितीय भक्ति, और रामझ्रसुग्रीव मित्रता का हृदयस्पर्शी प्रसंग इन सभी मंचनों ने दर्शकों की भावनाओं को झकझोर दिया। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों और तालियों की गड़गड़ाहट ने बार-बार कलाकारों को रोककर दर्शकों के प्रेम का आशीर्वाद स्वीकार करने पर विवश कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान मेंथा कारोबारी अरविंद नंदा, समाजसेवी संजीव अग्रवाल और प्रॉपर्टी डीलर सुमित अग्रवाल को समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल समेत नगर के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। बारहवें दिन का यह अध्याय केवल रामकथा का मंचन नहीं था, बल्कि पूरे नगर के लिए आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसने न केवल भक्ति और आस्था को गहराई तक उतारा बल्कि आने वाले दिनों की उत्सुकता भी कई गुना बढ़ा दी। सच तो यह है कि श्रीरामलीला महोत्सव अब केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। इसकी स्मृतियां हर दर्शक के दिल में लंबे समय तक गूंजती रहेंगी।इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

# रंगोली मंडप में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बांटे विभिन्न सहायक उपकरण



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत गांधी समाधि स्थित रंगोली मण्डप में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण अनुदान योजना के अन्तर्गत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में 100 ट्राईसाइकिल, 05 ब्रेल किट, 05 स्मार्ट केन एवं 20 जोड़ी बैशाखी का वितरण दिव्यांगजनों को किया गया। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक वीना भारद्वाज एवं, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे7

# भारत को आत्मनिर्भर बनानें की दिशा में व्यापारियों से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर में जीएसटी बचत उत्सवद्द अभियान के तहत भारत को आत्मनिर्भर बनानें की दिशा में सम्मानित व्यापारियों से भेंटकर उन्हें स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। जलीलपुर मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत ने बताया कि जीएसटी की दरें कम होने से, नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे लघु एवं कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा, उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। आइये, हम सभी देशवासी भारत में बने सामान का उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिले। इस मौके पर जलीलपुर मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, महामंत्री सचिन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विशाल कुमार, मंडल मंत्री निरंकार कुमार समाजसेवी आशु गोयल आदि मौजूद रहे।

# वी. एस.एम, एकेडमी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** वी. एस.एम, एकेडमी नूरपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025ह्वके अंतर्गत शपथ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट हिमांशु चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की प्रगति की भी आधारशिला है। उन्होंने बच्चों को जीवनभर स्वच्छ और अनुशासित आदतें अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारीगण तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि स्वच्छ समाज ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और इस दिशा में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और स्वच्छता को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी इन आदतों को जीवन में उतार लें, तो वे निश्चित रूप से समाज के आदर्श नागरिक बनेंगे। शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर का वातावरण अत्यंत अनुशासित और उत्साहपूर्ण रहा। बच्चों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भागीदारी करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना जागृत की।

# जनपद गोरखपुर से हत्या व गौकशी के अपराध में 01 लाख का ईनामी अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर जुबैर उर्फ कालिया पुलिस मुठभेड में मारा गया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** थाना पिपराइच क्षेत्रान्तर्गत महुआ चापी में कुछ अज्ञात पशु तस्करों द्वारा एक युवक दीपक निवासी महुआ चापी थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर की हत्या कर दी गयी थी । उक्त घटना के संबंध में थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर पर मु0अ0सं0-705/25 धारा-103(1),140(1),312,109, 115(2),125(5),3(5) बीएनएस व 3/5ए/8 गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रूरता नि0अधि0 पंजीकृत किया गया । अभियोग उपरोक्त में जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी घेर मर्दान खां थाना कोतवाली, रामपुर का नाम प्रकाश में आया था । जुबैर उपरोक्त थाना कोतवाली जनपद रामपुर से हिस्ट्रीशीटर अपराधी है ।श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जुबैर उपरोक्त पर 01 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था ।

# स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर।** आर.एस.एम. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा ने भी स्वयंसेवकों के साथ झाड़ू लगाकर एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ाया। उनके इस प्रेरणादायक सहयोग से स्वयंसेवकों में अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूकता बढ़ी। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल स्वयंसेवकों की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है।इस दौरान माय भारत पोर्टल पर महाविद्यालय सत्र 2025झ्र26 के प्रथम वर्ष के नए स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्रझ्रछात्राओं का पंजीकरण भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज प्रांगण की साफझ्रसफाई, प्लास्टिक कचरे का संग्रहण तथा अन्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन में डॉ. विवेक यादव, डॉ पंकज शर्मा, डॉ विनय दुआ, डॉ राजेंद्र चौधरी, डॉ आशीष, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, सुंदर सिंह विष्ट सहित स्वयंसेवक विपिन यादव, प्रीत चौहान, अनुराग, यश राघव, सौरभ सैनी, नितिन आदि की उपस्थिति और सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# विधायक मुकेश चौधरी बने उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** नकुड विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक मुकेश चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राक्कलन समिति का सभापति मनोनीत किया हे, माननीय विधायक मुकेश चौधरी जी ने बताया की मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व माँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि विश्वास और उत्तरदायित्व का प्रतीक है।यह अवसर मुझे और अधिक निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ जनसेवा और विकास के मार्ग पर कार्य करने की प्रेरणा देगा। इस विश्वास के लिए मैं सदैव कृतज्ञ रहूँगा। और पार्टी के लिए इसी तरह सच्ची लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करता रहूंगा, विधायक मुकेश चौधरी को यह है जिम्मेदारी मिलने पर सहारनपुर जनपद में उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

# तृतीय मंयक मयूर स्मृति दोड़ प्रतियोगिता में सैकड़ों ने लगायी दौड़



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** तृतीय मंयक मयूर स्मृति दौड़ मदन लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम गढ़ी में आयोजित की गई प्रतियोगिता में आयोजित की गई। प्रतियोगिता 10 वर्ष से कम व 15 वर्ष से कम बालक व बालिका वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ करायी गई। प्रतियोगिता में एचएम पब्लिक स्कूल, डायमंड पब्लिक स्कूल, ग्रीन फील्ड स्कूल, प्राथमिक विद्यालय नसीरी सहित अनेक स्थानों से आए खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सरोज देवी पत्नी मंयक मयूर, भाई गिरवर पाल सिंह व फागेन्द्र पाल सिंह सहित परिवार के लोग शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में अपार उत्साह रहा। मंच संचालन अरविन्द अहलावत व विकास सेतिया द्वारा किया गया। अमित, अरविन्द अहलावत, जितेन्द्र (लक्ष्य स्पोर्ट्स) द्वारा , विनय तितोरिया , अनिल विश्वकर्मा, प्रदीप गर्ग आदि द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सहयोग किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, सभासद नगर पालिका परिषद बिजनौर, विकास लाठियां, नगर संघचालक, एडवोकेट उत्तम कुमार, मनोज कुमार मनी, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास अग्रवाल, विदित चौधरी एमडी, एमडी डीग्री कालेज, खड़ग सिंह वरिष्ठ कब्बड्डी खिलाड़ी , अन्तर्राष्ट्रीय मेराथन धावक देशराज सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, टी-शर्ट व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# परीक्षा देने जा रहे छात्र से की लूट : दोस्त घायल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के मंडावर। शनिवार को साजिद अहमद पुत्र जफर अहमद गांव सेफपुर खादर निवासी ने मंडावर थाने में तहरीर मे बताया की उसका पुत्र साहिब अपने दोस्त समीर गांव कुंदनपुर निवासी के साथ शनिवार की सुबह बाइक से मंडावर प्रकाश पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं की परीक्षा देने जा रहे थे। जैसे ही वह बालावाली मंडावर रोड पर गलखा देवी माता मंदिर के पास पहुंचे तो पीछे से आए दो बाइक पर पांच नकाबपोश युवकों ने बाइक को ओवरटेक करके रोक लिया और उसके पुत्र साहिब की बाइक निचे गिर गई। जिसमे उसके दोस्त समीर को चोट लग गई। और उसके पुत्र साहिब की ऊपर की जेब में रखें 1700 रुपए निकाल कर नकाब पोश बदमाश भाग गए। मंडावर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दिनांक 23 से 27 सितंबर 2025 तक पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किया गया प्रशिक्षण मे प्रतिभागियों को फसल अवशेष प्रबंधन संबंधित जो भी कृषि यंत्र हैं उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं, उस पर कितने पर्सेंट की छूट है, कैसे उसको किसान ले सकते हैं इसके बारे में विस्तृत रूप से पूरी जानकारी दी गई। फसलो के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों का मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, एवं पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सके, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपरोक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आई.ए.आर. आई. नई दिल्ली से संस्थान के बीज उत्पादन इकाई के प्रभारी डा. ज्ञानेन्द्र सिंह, आर.एस.एम. डिग्री कॉलेज धामपुर से डा. देवेश पाठक, डा. कटियार, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के के सिंह, डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. शिवांगी, डा. प्रतिमा गुप्ता, प्रभारी डा. शकुन्तला गुप्ता, धान अनुसंधान केन्द्र नगीना से डा. राजेंद्र सिंह एवं डा. विवेक यादव आदि वक्ताओं ने उपरोक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बुन्दकीनगीना श्री राजेश कुमार सिंह ने गन्ना फसल में फसल अवशेष प्रबंधन तकनीक और शरदकालीन गन्ना बुवाई के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया साथ ही साथ किसानो से आवाहन किया गया कि आप भविष्य में और होने वाले जलवायु परिवर्तन के साथ अपनी खेती में भी परिवर्तन करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के के सिंह द्वारा किया गया।

# मिशन शक्ति टीम ने खुर्जा में छात्राओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

बुलंदशहर उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति–5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में शनिवार को थाना खुर्जा नगर पर नियुक्त मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम द्वारा स्कूल/कॉलेजो/मंदिरो/मुख्य बाजार/चौराहों एवं अन्य भीड भाड वाले स्थानों तथा वही सेठ गंगा सागर जाटिया पॉलिटेक्निक कॉलेज में जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी–112, वूमेन पावर लाइन–1090, चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076, एंबुलेंस–102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम में इंस्पेक्टर राजेश कुमार एस आई प्रशांत यादव एस आई प्रेमवीर सिंह एस आई प्रतीम सिंह एस आई हर्ष गुप्ता महिला एस आई प्रीति महिला एस आई अंजू बघेल महिला कांस्टेबिल शिखा आदि शामिल रहे।

# डांडिया में महिलाओं ने मचाया धमाल

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** इनरव्हील क्लब आफ वृंदावन के डांडिया उत्सव में शामिल लोग धार्मिक गीतों पर जमकर झूमे। डांडिया उत्सव में शामिल महिला, पुरुष और युवतियों ने जमकर धमाल मचाया। उत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शाम को शुरू हुआ डांडिया उत्सव देर रात तक चलता रहा और लोग उत्सव का लुत्फ उठाते रहे।

मथुरा मार्ग स्थित दाऊजी की बगीची के गणेशीलाल बजाज अतिथि भवन में इनरव्हील क्लब के डांडिया उत्सव का शुभारंभ डिस्ट्रिक आईएसओ मंजू पारीक, अध्यक्ष विनीता द्विवेदी भाजपा जिलाध्यक्ष मुदित शर्मा भावना शर्मा अंजली गोस्वामी मधु खंडेलवाल ने दीप प्रज्जवलन करके किया।

वरिष्ठ नागरिक सम्मन डॉ ललिता भर्तियां जी का क्लब द्वारा किया ,फिर शुरू हुआ डांडिया का धमाल, अतिथि भवन के बड़े परिसर में दोस्तों के साथ आपस में सभी ने डांडिया खेलना शुरू किया तो हर कोई आनंद के रस में डूबा नजर आया।

उत्सव में आयोजित डांस प्रतियोगिता में महिलाओं और युवतियों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को अपने निर्णय लेने पर असमंजस में डाल दिया तो रेंडम क्विज में युवतियों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

दूसरी ओर फोटोग्राफी सेशन चल रहा था, जहां पेशेवर फोटोग्राफर कार्यक्रम की तस्वीरों को कैद कर रहे थे।तो चटपटी चाट स्नैक्स व फूड की स्टाल पर भी भीड़ लगी हुई थी। गेम्स और मस्ती की इस शाम को रंगीन कर रही थी युवतियों की विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां। अंत में निर्णायक मंडल ने डांडिया क्वीन प्रथम सीमा चौधरी , द्वितीय हीना गौतम तृतीय दीप्ति गौतम- का चयन किया। वीना यादव साधना शर्मा , वर्षा शर्मा, सृष्टि शर्मा,राधा, गोस्वामी,अनुपमा चौधरी, समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## अज्ञात पशु तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पशु भेजे गए गौशाला

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस द्वारा शुक्रवार की देर शाम मेंहदीगंज (मड़ई) के पास से एक पिकअप से बरामद आठ गौवंश को शनिवार को लिखा पढ़ी करने के बाद शहंशापुर (राजातालाब) स्थित गौ शाला केंद्र भेज दिया गया ।वही देर रात चौकी प्रभारी खजुरी विवेकानंद द्विवेदी के तहरीर पर अज्ञात पशु तस्कर के खिलाफ धारा 3/5अ/8 व 5 गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए पिकअप को पुलिस ने सीज कर दिया ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी व एसआई अविनाश सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि मेंहदीगंज (मड़ई) के पास एक पिकअप वाहन पर पशु तस्करों द्वारा वध हेतु ले जाने के लिए गौवंश लादा जा रहा है।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर थाना प्रभारी ने मूर्ति संस्थापकों के साथ की बैठक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र की सकारपार पुलिस चौकी में शनिवार, 27 सितंबर 2025 को दुर्गा मूर्ति संस्थापकों की एक बैठक शाम 5 बजे आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता खेसरहा थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने की।

बैठक में थाना प्रभारी मिश्रा ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया।उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया।

थाना प्रभारी अनूप मिश्रा ने स्पष्ट किया कि विसर्जन जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए और किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, लेकिन त्योहार के सफल समापन के लिए समाज का सहयोग भी आवश्यक है ।अनूप मिश्रा ने दुर्गा पूजा को सामाजिक समरसता और भाईचारे का पर्व बताया। बैठक में सकरपार, कलनाखोर, पेडारी, कोटिया, बंजरहा बुजुर्ग, बनोली, कुडजा, महुलानी और गैडाखोर सहित कई गांवों के संस्थापक, ग्रामीण और समिति सदस्य उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान चौकी प्रभारी राहुल गुप्ता,हेड कांस्टेबल छोटेलाल, कांस्टेबल अखिलेश के साथ क्षेत्र के दुर्गा प्रतिमा संस्थापक मौजूद रहें।

## ऑपरेशन क्लीन : दुपहिया लावारिस वाहनों की हुई नीलामी



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के कपिलवस्तु थाने में शनिवार को प्रदेश में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत 11 लावारिस मोटरसाइकिलों की नीलामी की गई। इस नीलामी से जीएसटी सहित करीब 53,690 रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में नौगढ़ के नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में थाना परिसर में विधि सम्मत तरीके से नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसमें लावारिस और लादावा वाहनों को शामिल किया गया था। थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि नीलामी से प्राप्त धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जाएगी।

# शारीरिक और यौन अनुभवों की बात करने वालों से दूरी बनाएं

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** मिशन शक्ति अभियान के तहत एन्टी रोमियो टीम द्वारा शनिवार को सौंख अड्डा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सभी छात्राओं और अध्यापिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1930, 181, 108, 1076 आदि के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान एंटी रोमियो प्रभारी एसआई विनय बौद्ध ने साइबर सुरक्षा हेतु कुछ मुख्य तथ्य बताए जैसे की अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। ऑनलाइन गेम्स से भेजे गये लिंक्स न खोलें। अपने स्पेशल मीडिया हैंडल्स जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि को प्राइवेट सेटिंग पर रखें। सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपना फोन नम्बर, पता, स्कूल व अन्य निजी जानकारी साझा न करेंसोशल मीडिया हैंडल्स पर अपना फोन नम्बर, पता, स्कूल व अन्य निजी जानकारी साझा न करें। अनजाने साफ्टवेयर, एप्स, ऑनलाइन गेम्स को मोबाइल, टैब, लैपटॉप या कम्प्यूटर आदि पर चैट रूम में अपने निजी ब्यौरे साझा न करें। किसी को परेशान करने वाले चित्र या विडियो शेयर न करें। छोटी अवधि में आपके रंग-रूप की प्रशंसा करने वालों से सावधन रहें। शारीरिक और यौन अनुभवों की बात करने वालों से दूरी बनाएं। अश्लील फोटो या विडियो की मांग करने या शेयर करने वालों की शिकायत अपने नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

**अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें**

## स्वच्छता एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे स्वच्छ उत्सव थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा मिशन शक्ति' के अंतर्गत भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वच्छ्ता में महिलाओं की भागीदारी रखा गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंग-बिरंगे रंगों से सुंदर व आकर्षक रंगोलियां बनाई, जिनमें चित्रों, प्रतीकों एवं बिंबों के माध्यम से महिलाओं की स्वच्छता विषयक दृष्टि, सोच और समाज में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। विजेता टीमों को सभी उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बधाई दी ।कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सीमा सिंह के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहे।

# चार बच्चे की मां को चार बच्चे के पिता से हुआ प्रेम दोनों के परिजन पहुंचे थाने चल रही पंचायत

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला प्रकाश में आया है जहां रिश्ते में चाची और भतीजा लगने वाले चार बच्चों की मां व चार बच्चों के पिता के प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है दोनों एक ही गांव के पड़ोसी बताए गए ।जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला व पड़ोस के युवक जो आपस में चाची व भतीजा लगते है इन दोनों में काफी दिनों से प्रेम चल रहा था।

महिला तीन पुत्री व एक पुत्र की मां बताई गई वही युवक तीन पुत्र व एक पुत्री का पिता बताया गया महिला के एक पुत्री की शादी भी हो चुकी है ।दोनों में काफी समय से बातचीत फोन से होता आ रहा है युवक जयपुर में रहकर नौकरी करता है और महिला गांव में रहती है बीते 21 सितंबर को युवक गांव आया और अपने घर न जाकर पड़ोस के चाची को लेकर भाग गया कही करीब 5 दिनों बाद दोनों साथ घर पहुंचे तो दिनों के परिवार के लोग दोनों को साथ लेकर थाने पहुंचे पहले तो महिला बोली हम अकेले गए थे लेकिन सारी बात खुलने पर बोली साथ थे ।महिला व युवक सारे रिश्ते नाते भूलकर एक साथ रहने को लेकर अड़े है।

पुलिस व मौजूद ग्रामीणों द्वारा दोनों को काफी समझाया बुझाया जा रहा है ।करीब पांच घण्टे बाद किसी तरह दोनों अलग रहने को राजी हुए जिसके बाद आपस में लिखा पढ़ी कर महिला अपने बहन के घर बहन के साथ चली गई व युवक पत्नी व बच्चों के साथ घर गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मामला जानकारी था दोनों पक्ष आपस में बातचीत कर भविष्य में ऐसी गलती न करने का फैसला लेकर घर चले गए।

## वन माफियाओं के हौसले बुलंद आम के हरे पेड़ों पर चल रहा आरा



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**उसका/सिद्धार्थनगर।** वन रेंजर क्षेत्र सिद्धार्थनगर के अंतर्गत उसका ब्लॉक व थाना जोगिया क्षेत्र के चोरबर तकियवां गांव के नदी किनारे आम के बाग मे शनिवार को वन माफिया ने आम के हरे भरें पेड़ पर आरा चलाकर अवैध रूप से काटकर उनके अस्तित्व को मिटा दिया। क्षेत्रीय वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत के चलते वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वन माफिया बेखौफ होकर हरे-भरे पेड़ों पर अवैध रूप से आरा चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर एसडीओ वीना तिवारी नौगढ़ से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि आम के पेड़ों के अवैध कटान की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई है। इस मामले पर विभाग द्वारा आम के एक पेड़ के अवैध कटान पर केस किया गया।

## सुरक्षा के संदर्भ में अध्यापिकाओं व छात्राओं को दी गई जानकारी



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** मिशन शक्ति फेस 5 नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन शशक्त नारी सशक्त प्रदेश के संदर्भ में शनिवार की दोपहर में मिजार्मुराद थाना परिसर में पहुंची क्षेत्र के स्कूल की अध्यापिकाओं व छात्राओं को थाना भ्रमण कराते हुए मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व महिला एसआई अनुजा गोस्वामी समेत अन्य महिला कांस्टेबल द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 समेत जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीओजी नंबर देकर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दिया गया।

इसी के साथ ही प्रतिभागियों को साइबर अपराध से बचाव, महिलाओं से संबंधित प्रचलित कानूनों तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## उपचार के दौरान अज्ञात अधेड की मौत

**मथुरा/कोसीकलां।** थानांतर्गत शनिवार की प्रातः करीब साढे 10 बजे थाना पुलिस को नगर के रेलवे स्टेशन के सामने शराब के ठेके के समीप सडक पर अज्ञात एक अधेड के पडे होने की सूचना मिली। सूचना पर शहर चौकी पर तैनात कास्टेवल रिंकू अन्य पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार उस समय उसकी सांसे चल रहीं थी। पुलिस ने अधेड को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। अधेड के कब्जे से एक थैला बरामद हुआ, जिसमे कुछ कपडे और बरतन बरामद हुए। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

# देश में धर्म के जहां मुहिम किया है वहीं देश को जोड़ने के लिए एनसीपी ने आइ लव भारत की अभियान की शुरूआत किया गया है




**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** देश में हाल ही में आइ लव मोहम्मद और आइ लव महादेव जैसे धार्मिक मुद्दों पर अलग-अलग विचार सामने आ रहे हैं, जिससे समाज में विभाजन और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

ऐसे समय में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस ने एक सकारात्मक और एकजुट करने वाला कदम उठाते हुए ह्लआइ लव भारत की अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य समाज में धर्म, जाति और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर भारत माता के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को मजबूत करना है।

राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज शर्मा जी का कहना है कि आज देश को जरूरत है भाईचारे और एकता की। जब हर नागरिक ह्यआइ लव भारत ,कहेगा तो देश अपने आप मजबूत होगा। हमारी पहचान पहले भारतीय है, यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। इस अभियान के माध्यम से युवाओं को जागरूक कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना और देशहित को सर्वोपरि रखना ही मुख्य ध्येय है। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का मानना है कि जब तक हम भारतीयता को सर्वोपरि नहीं रखेंगे, तब तक प्रगति का मार्ग अधूरा रहेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नॉर्थ ईस्ट कॉर्डिनेटर श्री संजय प्रजापति जी एवं राष्ट्रीय सचिव रूही सलीम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ संगठन के सभी राष्ट्रीय नेता एवं समर्पित कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और, आइ लव भारत का नारा बुलंद किया। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव पर धीरज शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा बिहार में एनसीपी पार्टी की जड़े मजबूत हैं हमारी पार्टी से बिहार में विधायक और सासंद भी रहे है इस बार विधानसभा चुनाव पर पार्टी अध्यक्ष संगठन विचार विमर्श कर रहे है।

## दुर्गा माता मंदिर पर हुआ भजन-कीर्तन, भंडारा



**मिजार्मुराद।** रामसिंहपुर गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर पर शनिवार को अखंड रामचरित मानस पाठ के साथ ही भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया ।भंडारे में आस-पास गांवो के भक्तजनों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया ।मंदिर को रंग-बिरंगे विद्युत झालरों से सजाया गया था। एमएलसी धर्मेंद्र राय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा.महेंद्र सिंह पटेल, एमएलसी प्रतिनिधि संदीप सिंह 'मिन्टू', अजय सिंह (मुन्ना), प्रवीण सिंह, दिनेश सिंह (बाबा), अनिल सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन, राजेश सिंह, प्रदीप फौजी, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), अभिषेक दूबे, प्रमोद गुप्ता (प्रधान), सभाजीत यादव, अर्जुन सिंह, गोपाल शर्मा समेत अन्य ग्रामीणों ने मंदिर पर पहुंच मत्था टेकने के साथ ही सहयोग प्रदान किया।

# बोलेरो और बाइक की जोरदार भिडंत 25 वर्षीय युवक गम्भीर रूप से घायल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को अलीगढ़वा मार्ग पर नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय के समीप एक बोलेरो और स्पेलेंडर बाइक मे जोरदार भिडंत हो गयीं। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक उछल कर दूर जा गिरा ।घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल युवक को आनन फानन मे पीएचसी वर्डपुर पहुंचाया , डाक्टरों ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। वहीं, मिली जानकारी के मुताबिक कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के पिपरसन गांव निवासी शनि कन्नौजिया (25) पुत्र दशरथ कन्नौजिया बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। अलीगढ़वा नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय के समीप बोलेरो और मोबाइल मे जोरदार भिडंत हो गयीं। जिससे बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छात्राओं को दी गई जानकारी




**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** शक्ति मंच बैठक का हुआ आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर वाराणसी में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को शक्ति मंच बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए समस्त सदस्य छात्राओं को अपने व्यावहारिक अनुभव को व्यक्त करते हुए महिला शक्ति के अधिकारों, समाज में उनका स्थान और अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं द्वारा भी छात्राओं को समाज में होने वाली हिंसा, उत्पीड़न के खिलाफ निडनता और साहस का परिचय किस प्रकार दिखाया जाए, इसके लिए बताते हुए जागरूक किया गया।

# सचिवों का सब्र टूटा, मनमानी का विरोध तेज

## देर रात बैठक, जबरन कार्य और वेतन रोकने के खिलाफ पंचायत सचिवों ने फूंकी कार्य बहिष्कार की चेतावनी



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** लोहिया सभागार विकास भवन में शनिवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ, जनपद लखनऊ की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैकड़ों पंचायत सचिवों ने एक सुर में उच्चाधिकारियों के मनमाने रवैये पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी।

बैठक में सचिवों ने कहा कि बिना किसी लिखित आदेश के, व्हाट्सऐप संदेशों के जरिए देर रात बैठक बुलाना, राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त योजनाओं में शत-प्रतिशत भुगतान का दबाव डालना, अन्य विभागीय योजनाओं जैसे ई-क्रॉप सर्वे, फैमिली आईडी, समाज कल्याण विभाग, गौशाला संचालन व एनआरएलएम योजनाओं की जिम्मेदारी जबरन सचिवों पर थोपना और कार्य न होने पर वेतन रोकने/निलंबन जैसी कार्रवाई करना असहनीय है। सचिवों ने निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों का समाधान जल्द नहीं हुआ तो शाम 5 बजे के बाद किसी भी शासकीय कार्य का संचालन नहीं किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप कुशवाहा और ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष ललित कुमार गौतम ने की। संचालन जिला महामंत्री प्रशान्त सक्सेना एवं जिला महामंत्री ललित कुमार द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से दोनों संगठनों के पदाधिकारी व सचिव शामिल रहे, जिनमें –

अमित सिंह, हरिओम पाठक, अनुज यादव, कायम सिंह, सुधांशू सिंह, दीपक चौधरी (एडीओ आईएसबी), राम बहादुर शर्मा, डी.पी. सिंह, नासिर हुसैन, राजेश सिंह, संजीव कुमार, श्रीमती अनामिका सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती रेखा सिंह, सुनीता पाल, सुप्रिया गौतम, संजय गिरी, विनोद यादव, दिनेश शर्मा, अंकित पटेल, प्रतिभा सिंह, अभिलाश कश्यप, शशांक शुक्ला, राकेश यादव, शुभम मिश्रा, दीपिका पाण्डेय, शशिपाल, आलोक चौधरी, शैफाली जायसवाल, ओमवीर यादव, दिव्य प्रताप, दीपकुमार, विनोद गौड़, राजकुमार सिंह, अनिल गौतम, आलोक वर्मा सहित जनपद के समस्त सचिव ग्राम पंचायत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सचिवों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनकी जायज मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## बरेली हिंसा के बाद, पुलिस का फ्लैग मार्च असामाजिक तत्वों में हड़कंप

**कांधला।** बरेली हिंसा के बाद कांधला पुलिस अलर्ट मोड पर है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया, और उपद्रवियों को चेतावनी दी। हिंसा करने वाले किसी भी उपद्रवी को बक्सा नहीं जाएगा। बरेली में जुम्मे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद के जुलूस में हिंसा हो गई थी। उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव करने के साथ ही तोड़फोड़ भी की थी। पुलिस ने मौलाना तारिक तौकीर राजा को गिरफ्तार करने के साथ ही हजारों लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। बरेली हिंसा को देखते हुए एसपी एनपी सिंह के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी निरीक्षक ने फ्लैग मार्च के दौरान कस्बे के लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें, जो भी व्यक्ति कस्बे का माहौल खराब करने का प्रयास करेगा ऐसे व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उपद्रव करने वाला किसी भी समाज का व्यक्ति हो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मिशन शक्ति 5.0

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक जागरूकता की अलख जगी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति 5.0 के क्रम में शनिवार को जनपद मथुरा में लैंगिक समानता के विषय पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी मथुरा के कुशल निर्देशन में महिला कल्याण विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का सफलतापूर्वक मंचन किया।

इन नुक्कड़ नाटकों का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को उजागर करना और पुरुषों तथा महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने के महत्व पर बल देना था। कला के सशक्त माध्यम से टीम ने दर्शकों को महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक समानता के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया और बड़ी संख्या में दर्शक इसे देखने के लिए एकत्रित हुए।

नुक्कड़ नाटकों के आयोजन के अतिरिक्त, महिला कल्याण विभाग की टीम ने शहर के प्रतिष्ठित ब्लैक स्टोन बालिका इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को लैंगिक समानता के कानूनी और सामाजिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने उन्हें बताया कि कैसे वे अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं, जैसे सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। महिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत यह जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

# हेमंत चौधरी बने भाकियू अन्नदाता में प्रदेश उपाध्यक्ष



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएस जाट ने प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान की संस्तुति पर हेमन्त चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता की समीक्षा बैठक लक्ष्मी नगर मथुरा में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस जाट ने हेमंत चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत चौधरी ने भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के सभी पदाधिकारियों का पटुका और माला पहना कर सम्मान किया और कहा कि वह संगठन के निदेर्शों का पालन करते हुए किसान हितों में सदा कार्य करेंगे। इस दौरान दिनेश कुमार, वीरपाल गंधार, अशोक गंधार, देव चौधरी, फैजान कुरैशी, मुजाहिद कुरैशी, चिरागो पहलवान, पवन सारस्वत, मुनिया गंधार, दयाल सिंह गंधार, भीम सेन, धीरज लोधी, हेमराज चौधरी, उदय वीर पहलवान, हरिश्चंद्र चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार

## जेल भेजे गए... बरेली में उपद्रव के बाद सख्त हुई पुलिस, 10 एफआईआर दर्ज



**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर शुक्रवार को भड़के बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। तौकीर रजा को पूरे मामले का मुख्य आरोपी बनाया गया है।

आपको बताते चलें कि धारा 163 लागू होने के बावजूद मौलाना तौकीर रजा ने शुक्रवार को ज्ञापन यात्रा निकालने की घोषणा की थी। इसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों को बुलाया। देखते-ही-देखते भीड़ सड़कों पर उतर आई और उपद्रव शुरू हो गया। कई इलाकों में पथराव, तोड़फोड़ और हंगामे की घटनाएँ हुई।

हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा। शहर के कई थानों में कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली, बारादरी और कैंट थानों में दस मुकदमे लिखे गए। मौलाना तौकीर रजा को मुख्य आरोपी बनाते हुए अन्य सात आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी को अदालत में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि माहौल बिगाड़ने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। पूरे शहर में अतिरिक्त फोर्स तैनात है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## बागेश्वर, कांडा गरुड़ में एनएसयूआई के दबदबा

# कपकोट और दुग नाकुरी में अभाविप की जीत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** पं बद्रीदत्त पांडे परिसर में छात्र संघ चुनावों में इस बार एनएसयूआई विजयी रही। एनएसयूआई के प्रत्याशी सागर जोशी ने निर्दलीय प्रत्याशी पंकज कुमार को पराजित किया। अभाविप के प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे।

महाविद्यालय में आयोजित छात्र संघ चुनाव के परिणाम घोषित हो गए। जिसमें एनएसयूआई के सागर जोशी को 423 मत मिले।, अभाविप से टिकट नही मिलने से नाराज होकर चुनाव लड़े निर्दलीय प्रत्याशी पंकज कुमार को 343 मत मिले। अभाविप के प्रत्याशी हरेंद्र दानू को मात्र 317 मत मिले।

उपाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन पांडे ने एकमात्र प्रतिद्वंदी संस्कार भारती को पराजित किया। संस्कार भारती को मात्र 283 मत मिले। इसके अलावा सचिव पद पर ललित कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष्ज्ञ पद पर दिव्या दानू व कोषाध्यक्ष पद पर मनीष चौबे व विभिन्न परिषदों में पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। विजयी होने के बाद प्रत्याशियों ने नगर में आभार जलूस निकाला। आज हुए चुनावों में कुल 2102 मतदाता थे परंतु मात्र 1105 छात्र-छात्राओं ने ही मतदान का प्रयोग किया। जिले में हुए छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई के दबदबा रहा।प्रमुख कालेज बागेश्वर, गरुड़, व कांडा में एनएसयूआई की जीत हुई।जबकि कपकोट और दुगनाकुरी महाविद्यालय में अभाविप की जीत हुई।वही कांडा में छात्र संघ पदाधिकारियों का पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने स्वागत किया।

# एनएसयूआई के वीरेंद्र बने गरुड़ महाविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष



**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई के वीरेंद्र अध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर नितिन ने बाजी मारी। सचिव पद पर किसी ने नामांकन नहीं किया था। शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। महाविद्यालय के छात्र संघ प्रभारी डा. अवधेश तिवारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए करिश्मा रावल व वीरेंद्र सिंह रावत मैदान में थे। करिश्मा को 139 वोट मिले। वीरेंद्र ने 158 वोट हासिल किए। वीरेंद्र ने करिश्मा को 19 वोटों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर नितिन सिंह भयेड़ा को 144 व पारस काला को 128 वोट मिले। नितिन ने पारस को 16 वोटों से पराजित किया। इसके अलावा विश्व विद्यालय प्रतिनिधि के लिए शिवानी भाकुनी, उपाध्यक्ष के लिए कविता, उपाध्यक्ष छात्रा के लिए ज्योति जीना, सांस्कृतिक सचिव के लिए शीतल पंत व संयुक्त सचिव पद पर ममता गोस्वामी निर्विरोध चुने गए। विजयी प्रत्याशियों को प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान डा. लता आर्या, डा. प्रियंका यादव, उर्वशी टम्टा, शेर राम टम्टा आदि मौजूद थे।

# नायब तहसीलदार पर दहेज प्रताड़ना व अवैध संबंधों का आरोप

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** मेरठ (मवाना) में तैनात एक नायब तहसीलदार पर दहेज प्रताड़ना और दूसरी महिला से अवैध संबंध रखने का सनसनीखेज आरोप लगा है। पीड़िता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र से शिकायत कर बताया कि शादी में करोड़ों की हैसियत से दहेज मिलने के बावजूद पति और ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। अब वे अतिरिक्त 50 लाख रुपये और गाजियाबाद स्थित मकान अपने नाम कराने की दबाव डाल रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल इज्जतनगर की रहने वाली महिला ने बताया है कि उसकी शादी 10 दिसंबर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। पिता ने शादी में करीब 60 लाख रुपये खर्च किए, जिसमें 25 लाख की कार (केआईए), 25 लाख के सोने-चांदी के जेवर और घरेलू सामान शामिल था। इसके बावजूद पति और ससुराल वाले 50 लाख रुपये और गाजियाबाद स्थित मकान अपने नाम कराने पर अड़े थे।

पीड़िता का कहना है कि जब उसने पति को दूसरी महिला से फोन पर बात करने से रोका तो ससुराल वालों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उसके कपड़े व स्त्रीधन छीन लिए और घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रहने को विवश है। पति द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग कर पीड़िता के परिवार को डराया-धमकाया गया। झूठे मुकदमे लिखवाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी गई। पीड़िता को अब तक न तो घर बुलाया गया और न ही कोई खर्चा दिया गया है। पीड़िता ने कई बार थाने में इसकी शिकायत भी की।

# डीएम साहब! यहां लोनिवि नहीं कर रहा है आपके आदेशों का पालन

**वेलकम इंडिया**



लोनिवि तत्काल डीएम के आदेशों का पालन करे। तहसील दिवस में दिए गए निदेर्शों को ध्यान में रखते हुए तत्काल बंद नालियों को खोले। सड़क के गड्ढों को भरें। हीलाहवाली पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। – **प्रियंका रानी, एसडीएम गरुड़**

**गरुड़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दस दिनों के भीतर सड़क में बने गड्ढों को भरने और सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आदेश दिए थे। इस माह के तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस में एसडीएम प्रियंका रानी ने तत्काल गड्ढों को भरने के निर्देश दिए थे। लेकिन गरुड़ के गोलू मार्केट में इस आदेश की लोनिवि ने धज्जियां उड़ा दी हैं। सड़क में बने गड्ढे ज्यों के त्यों हैं। गड्ढों में नाली का पानी भर जाने से सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। गंदे पानी के छींटों से स्कूली बच्चे व राहगीर परेशान हो गए हैं। आलम यह है कि यहां नालियां बंद हो गई है। लोनिवि इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

गोलू मार्केट में गोलू मंदिर के पास बने गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पर चलना किसी खतरे से कम नहीं है। गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया वाहन चालकों व राहगीरों को खतरा हो गया है। वाहन चलते समय पानी के गंदे छींटों से स्कूली बच्चों के कपड़े गंदे हो रहे हैं। लोगों को इधर-उधर आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट डीके जोशी, व्यापार संघ के अध्यक्ष महेश बिष्ट ठाकुर, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष कुंदन भंडारी, अखिल जोशी, दिनेश सिंह, बीडी पांडे, रमेश पांडे आदि ने लोनिवि से शीघ्र गड्ढों को भरने की मांग की है।

## दरोगा ने दिया मानवता का परिचय, महिला की समस्या का कराया निस्तारण

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर निवासी एक दिव्यांग विधवा महिला ने थाने पहुंचकर अपने पड़ोस के दो लोगों पर दिवार निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है। उप निरीक्षक सुभाष सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए जनसुनवाई की और तुरंत मौके पर पुलिस टीम व राजस्व विभाग को भेज कर समस्या का निस्तारण कराया। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंची विधवा महिला सुशील शर्मा ने बताया कि काफी दिन पूर्व उसके पति दयानंद शर्मा की मृत्यु हो चुकी है और वह दोनों पैरों से दिव्यांग है जो चल नहीं सकती। दिव्यांग महिला का आरोप है कि उसके पड़ोस के संजीव व सचिन अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता को दीवार निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं।

# धर्म और डांडिया का संगम : डीपीएस मथुरा में सांस्कृतिक महोत्सव

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** अकबरपुर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में एथनिक कॉन्फ्लुएंस ऑफ धर्म एंड डांडिया शीर्षक से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसने विद्यालय प्रांगण को भक्ति और पारंपरिक उल्लास से सराबोर कर दिया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के अद्भुत संगम का साक्षी बना।

दीप प्रज्वलन और नवदुर्गा स्तुति कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तिलक और बैज वितरण के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन और उपस्थित अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन कर औपचारिक शुरूआत की। कक्षा क-अ के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी भावपूर्ण ह्लनवदुर्गा स्तुतिह्व प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्ति और ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सावन कुमार खन्ना ने अपने स्वागत भाषण में रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक महाकाव्य नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला का अमूल्य मार्गदर्शन है। प्रधानाचार्य ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, सीता जी के त्याग और धैर्य, लक्ष्मण के समर्पण, हनुमान जी की निष्ठा और भरत के त्याग जैसे अनुकरणीय गुणों का उल्लेख किया। प्री-नर्सरी और नर्सरी कक्षाओं के बच्चों ने रामायण चरित्रों का मंचन प्रस्तुत कर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत समावेश दिखाया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कक्षा ढ१स्त्र-इ द्वारा प्रस्तुत ह्लडांडिया फिएस्टाह्व रहा। वहीं, कक्षा ढ१स्त्र-अ ने ह्ललेजेंड्स ऑफ रामायणह्व का सजीव मंचन कर पूरे माहौल को पावन और श्रद्धामय बना दिया। कार्यक्रम की सबसे उत्साहजनक कड़ी माताओं द्वारा आयोजित डांडिया प्रतियोगिता रही। माताओं ने बड़े जोश और उमंग के साथ भाग लिया, जिनकी मनमोहक और ऊजार्वान प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जगाते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, टीमवर्क और सामाजिक चेतना जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास करते हैं।यह कार्यक्रम धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के अद्भुत संगम के रूप में सभी के हृदय पर एक अमिट छाप छोड़ गया।

# कम्प्यूटर डिजिटल लिटरेसी शिक्षक प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के आईसीटी के विशाल कम्प्यूटर लैव में आयोजित राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के विज्ञान विषय पर आधारित कम्प्यूटर विषय के प्रशिक्षण में 216 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बरेली से पाँच शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभाग करने वालों में सहायक अध्यापक डॉ धर्मवीर, उच्च प्राथमिक विद्यालय हाफिजगंज, सहायक अध्यापक बलवीर सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर, सहायक अध्यापक अनुज कुमार शर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवनगर, सहायक अध्यापक आशीष कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय हाफिजगंज, सहायक अध्यापक अरविन्द कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर पस्तौर ने पाँच दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण के बारे में डॉ धर्मवीर ने बताया है कि यह प्रशिक्षण बेसिक शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रशिक्षण को लेकर सहायक अध्यापक बलवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से 10 शिक्षक पीएम श्री, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों को तकनीकी आधारित कंम्प्यूटर विषय में प्रशिक्षण बारीकी से दिया गया।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** जनपद के विकास, निर्माण कार्य एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति आदि से संबंधित विस्तृत समीक्षा करने हेतु जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी जी, विधायक धनघटा गणेश चौहान जी, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव जी, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि श्री मंटू राय, श्री हरिवक्श सिंह, श्री सुधांशु सिंह, विधायक खलीलाबाद प्रतिनिधि मुरलीधर जायसवाल, प्रमुखगण एवं जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक के शुरूआत में पिछली बैठक की कार्यवृत्ति एवं अनुपालन आख्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से अनुपालन की जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं को पूर्ण किये जाने अथवा प्रगति में किसी भी प्रकार की समस्या आदि के विषय में समीक्षा करते हुए अध्यक्ष जी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में सांसद लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारीगण जन कल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता व समयबद्धता का विशेष ध्यान दें तथा योजनाओं के जमीनी हकीकत की अपने स्तर पर समीक्षा करते रहे।

अधिकारीगण पात्रता सूची के अनुसार लाभार्थियों का फीडबैक भी लेते रहे। उन्होंने कहा कि योजनाओं/कार्यक्रमो को उनके मूल रूप में पारदर्शितापूर्वक जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहायोग से पात्र व्यक्तियों तक पहुचाना और इस प्रक्रिया में किसी भी तरह के समस्या का आपसी समन्वयता के साथ निराकरण करना ही इस बैठक का उद्देश्य है।


उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जनहित की योजनाओं के जमीनी हकीकत से वाकिफ रहें और समय समय पर अपने विभागीय स्तर पर स्वंय भी इसकी समीक्षा करते रहें, जिससे किसी भी स्तर पर उत्पन्न शिकायतों का निस्तारण निश्चित समय सीमा के अन्दर उनके पटल पर ही हो जाए।

## साली ने जीजा पर लगाया शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**कांधला।** बागपत जनपद के थाना छपरौली निवासी एक महिला ने कस्बा निवासी अपने जीजा पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। पीड़िता ने थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है। शनिवार को बागपत जनपद के थाना छपरौली निवासी एक महिला ने बताया कि उसके ताऊ की पुत्री की शादी लगभग 15 साल पूर्व कस्बा निवासी एक युवा के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि उस समय पीड़िता अपने गांव में रहकर पढ़ाई कर रही थी। पीड़िता का आरोप है कि 9 साल पूर्व उसके जीजा ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर लिया और शादी का झांसा देते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता के अनुसार उसका जीजा लगातार शादी का झांसा देते हुए नो वर्षों से पीड़िता का यौन शोषण कर रहा है।

# डॉ. संदीप सरावगी ने की तीन प्रमुख आयोजनों में माँ दुर्गा की आरती

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक आस्था व उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। पुल वाली माता सदर बाजार कैंट, पारीछा आवासीय परिसर का 36वाँ गौरवशाली भव्य आयोजन में रामलीला एवं दुर्गा पूजा तथा नवयुवक समिति दुर्गा समिति 48 चैंबर इन तीनों प्रमुख स्थलों पर भव्य आयोजन संपन्न हुए। पुल वाली माता सदर बाजार कैंट में तरु जैन, रवि यादव, किशन त्रिपाठी, साकेत महेश्वरी एवं राजू मिश्रा के सहयोग से श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के दर्शन व आरती कर पुण्य अर्जित किया।

पारीछा आवासीय परिसर झाँसी में 36वें गौरवशाली भव्य आयोजन के अंतर्गत रामलीला व दुर्गा पूजा में केवट संवाद एवं भरत मिलाप का मंचन हुआ। इस अवसर पर इं. प्रभात उमराव (अधिशासी अभियंता), इं. गिरीश सिंह (सचिव), इं. मनीष तिवारी (मेला प्रबंधक), इं. मनोज दुबे (सहायक अभियंता), मुकेश पटेल, अवतार सिंह, अंशुल अवस्थी, प्रदीप मित्तल एवं अरुण कुमार गुप्ता पारीछा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

वहीं नवयुवक समिति दुर्गा समिति 48 चैंबर के आयोजन में भी भक्तिभाव और उत्साह का माहौल रहा। तीनों आयोजनों में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचकर माँ दुर्गा की आरती की और उपस्थित श्रद्धालुओं को सामाजिक एकता, समरसता व धार्मिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा नवरात्र माँ शक्ति के उपासना और आत्मबल को जागृत करने का पर्व है।

इस अवसर पर मनोज रेजा, सोमकांत निगम, राम अवतार राय, संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम सदर के आदेश के बाद भी नगर पालिका अवैध अतिक्रमण हटवाने मे असहाय

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** सदर तहसील अन्तर्गत नगरपालिका क्षेत्र हनुमन्तपुर मे चिलबिला अमेठी मार्ग लगभग बीस फिट चौडा मार्ग है । जिसपर लोगो ने नाली बारजा निकाल अतिक्रमण कर रास्ते को सकरा बना दिया है । जिसकी परेशानी स्थानीय लोगो के द्वारा भाजपा नेता डब्बू सिह को मिलने पर उन्होने मुख्यमन्त्री सहित. जिले के अधिकारियो से पत्र लिखे बीस फिट चौडी सडक से अवैध अतिक्रमण हटवाने का निवेदन किया । लेकिन अवैध अतिक्रमण जाच आख्या मे पुष्टि के बाद भी नगरपालिका चार माह बाद भी सडक को अवैध कब्जामुक्त करा पाने मे असहाय दिख रहा है ?

शिकायती पत्र देने वाले जिले के तेज तर्रार भाजपा नेता डब्बू सिह के द्वारा फ ?न ?पर दी गयी जानकारी अनुसार कुछ लोगो ने जबरन अवैध कब्जे कर रास्ते को बेहद सकरा कर दिया है । जिसकी शिकायत नगर पालिका सदर तहसील और मुख्यमन्त्री स्तर पर की । जिसमे जांच मे स्थानीय निवासियों के द्वारा अवैध अतिक्रमण का होना तहसील तथा नगरपालिका के जाचकर्ताओ ने अपनी जांच आख्या रिपोर्ट मे बताया है । जिस पर सदर एस डी एम नैन्सी सिह ने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर सड़क पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश म ई माह मे जारी किया था ?।

सदर एस डी एम के निदेर्शानुसार जब अवैध अतिक्रमण हटवाने को नगरपालिका तहसील और पुलिस की सयुक्त टीम मौके पर पहुची तो अतिक्रमण करने वालो ने टीम से अनुनय विनय कर स्वतः अतिक्रमण हटा लेने के किए एक माह का समय मागा । जिस पर उच्चाधिकारियो से बात कर टीम ने अतिक्रमण कर्ताओ को एक ?माह का समय दिया। लेकिन अतिक्रमण करने वालो ने अतिक्रमण हटाने के लिए मिले समय का उपयोग अतिक्रमण हटाने के बजाय राजनीतिक साठगाठ कर कब्जा बनाए रखने का प्रयास किया ।तो वही अतिक्रमण से परेशान लोग चार माह बाद भी इन्तजार कर रहे है कि उनकी सडक अतिक्रमण मुक्त होगी और अतिक्रमण करने वाले उंची साठगाठ के सहारे अवैध अतिक्रमण किए मुस्करा रहे है और नगर पालिका प्रतापगढ़ और तहसील सदर के अधिकारी अवैध अतिक्रमण सत्यापित होने के बाद अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के आदेश के बाद भी न जाने क्यो गहरी खामोशी मे डूब गये है ।तो वही अतिक्रमण से परेशान लोग बस हाथ मलते स्थानीय प्रशासन को कोसते कह रहे योगी बाबा बुलडोजर भेज हमारी सडक का वास्तविक स्वरुप बहाल करवाओ ।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित किवाना मोड पर एक दिन पूर्व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति के भाई ने थाने पहुंचकर चालक व उसके वाहन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के कस्बा बनत निवासी जमशेद पुत्र शरीफ ने बताया कि विगत शुक्रवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी उनके रिश्तेदार सदा के यहां उसके पुत्र की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसका भाई अलीहसन पुत्र शरीफ बाइक पर सवार होकर गमी में शरीक होने के लिए आ रहा था जैसे ही वह थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित किवाना मोड़ के समीप पहुंचा तो अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया था। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने हालात को चिंताजनक देखते हुए मेरठ अस्पताल भेज दिया था।

# बीआरसी नेकपुर में एफएलएन प्रशिक्षण का जिला समन्वयक ने लिया जायजा

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर टांडा की बीआरसी नेकपुर में बीईओ मोहित कुमार के मार्गदर्शन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है ।अंतिम बेच के प्रशिक्षण के दूसरे दिन शनिवार को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित गतिविधियों और शिक्षण रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी प्रशिक्षण/एमडीएम अखिलेश सागर ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता की सराहना की।

प्रशिक्षण में संदर्भदाता वसीम राजा ने एनसीईआरटी की हिंदी पाठ्यपुस्तक वीणा और गणित पाठ्यपुस्तक गणित मेला की इकाइयों जैसे हमारा पर्यावरण, हमारे मित्र, आओ खेलें, अपना-अपना काम और हमारा देश को गतिविधियों के माध्यम से रोचक ढंग से समझाया ।संदर्भदाता (एआरपी) श्रवण कुमार ने वीणा की विषय-वस्तु और पाठों के औचित्य पर चर्चा करते हुए बच्चों में दक्षता विकास पर जोर दिया।

संदर्भदाता (केआरपी) नवनीत कुमार बिश्नोई ने गणित मेला की जिज्ञासा और शिक्षण रणनीतियों पर प्रकाश डाला, जबकि पारुल जैन ने कक्षा 1 और 2 की निपुण सूची, मौखिक तर्कशीलता, ब्लेंडिंग और ग्रिड के प्रभावी उपयोग पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। संदर्भदाता विनय कुमार ने समूह चर्चा और चार्ट प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने के तरीके सुझाए। वहीं, सन्दर्भदाता मोहम्मद अनीस ने कक्षा 1 और 3 की पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, रिमीडियल कार्य और समावेशी वातावरण पर जोर देते हुए निपुण भारत मिशन के संशोधित लक्ष्यों पर चर्चा की।

डीसी प्रशिक्षण एवं एमडीएम अखिलेश सागर ने शिक्षकों से प्रशिक्षण के उद्देश्यों को कक्षा में लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने मध्याह्न भोजन (एमडीएम) से संबंधित समस्याओं को भी सुना और समाधान के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं ने किया थाना का भ्रमण



**संतकबीरनगर।** मिशन शक्ति अभियान को प्रमोट करने के उद्देश्य से शनिवार को जूनियर हाईस्कूल सेमरियावा की छात्राओं ने शिक्षक जफीर अली के नेतृत्व में दुधारा थाना का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। मिशन शक्ति अभियान को प्रमोट करने के उद्देश्य से जूनियर हाईस्कूल सेमरियावा की छात्राओं ने शिक्षक जफीर अली के नेतृत्व में शनिवार को दुधारा थाना का भ्रमण किया। उपनि. अभय पाण्डेय ने छात्राओं को महिलाओ के साथ होने वाले अपराधो और अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने कार्यालय, बंदी गृह, आवास, भोजनालय कक्ष, थानाध्यक्ष कार्यालय का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर आरती सिंह, संगीता सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।

थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।

जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ताकि जनता का प्रशासन एवं पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके ।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की साख तभी बनती है जब आम नागरिक को समय पर और निष्पक्ष न्याय मिले । शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है । थाना समाधान दिवस के आयोजन से जनसुनवाई प्रक्रिया को और सशक्त किया जा रहा है । प्रशासन आमजन को विश्वास दिलाता है कि उनकी समस्याओं का उचित समाधान समयबद्ध रूप से किया जाएगा ।

# आर ए इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित किया कार्यक्रम




**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**रुदौली अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र रूदौली के अंतर्गत खैरनपुर में स्थित रूदौली अकबर इंटर कॉलेज सीओ रूदौली आशीष निगम के नेतृत्व में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में को अपनी सुरक्षा कैसे करनी है के विषय में विद्यालय के छात्राओं को जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में उच्च अधिकारी द्वारा कानूनी अधिकार, आपातकाल सेवाए 1090,102, 112, 181,1076,1930, सहित समस्त आपातकाल सेवाओ के विषय में जागरूक कर पंपलेट भी वितरण किया गया। तथा सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा अन्य जानकारियां साझा की गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय, भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुवेर्दी, महिला उपनिरीक, जब्बार अली, विद्यालय प्रधानाचार्य जावेद अख्तर, अध्यापक मो रियाज साहित समस्त अध्यापक गण छात्राएं उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने चलाया एंटी रोमियो अभियान, 26 पर की कार्यवाही



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व स्कूलों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनके समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया, साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन - 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन -1930 आदि कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है । *इस दौरान थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में बिना वजह घूम रहे 20 व्यक्तियों को चेक किया गया व 02 शोहदों से माफीनामा भरवाकर परिजनों को बुलाकर हिदायत देकर छोड़ा गया। महिला थाना पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में बिना वजह घूम रहे 25 व्यक्तियों को चेक किया गया व 01 शोहदे से माफीनामा भरवाकर परिजनों को बुलाकर हिदायत देकर छोड़ा गया ।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन सुनी शिकायत



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** शनिवार को शासन के निर्देश पर थाने पर समाधान दिवस आयोजित किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, तहसीलदार सतीश यादव एवं उपनिरीक्षक सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप से की ।नगर व क्षेत्र से आए आधा दर्जन से अधिक फरियादियों ने बिजली, पानी, सड़क एवं अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपे ।अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए और फरियादियों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का रवैया फरियादियों के प्रति बेहद सकारात्मक और सहयोगपूर्ण रहा। उन्होंने न केवल प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना बल्कि लोगों को भरोसा भी दिलाया कि उनकी तकलीफों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# मुठभेड़ में पॉक्सो एक्ट का वांछित रिजवान अली गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**वेलकम इंडिया मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर के नेतृत्व में, थाना कोतवाली सदर के मु0अ0सं0 790/2025 धारा 75(2)/351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित एवं गिरफ्तार अभियुक्त रिजवान अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम सहरूआ थाना को0 सदर जनपद खीरी, जो जिला अस्पताल ओएल ले जाते समय फरार हो गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना खीरी पर मु0अ0सं0 689/25 धारा 262 इठर पंजीकृत था, को शनिवार रात्रि में थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा सेवढा से लखपेडा गंज को जाने वाले खडन्जा मार्ग पर बनी छोटी मजार के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुये हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 0794/2025 धारा 109(1)/351(3)/352 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का सेलिब्रेशन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)**।आई पी ए दिल्ली स्टेट ब्रांच के सहयोग से आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे ₹2025₹ के अवसर पर निर्धारित थीम ₹थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट₹ पर 24, 25 और 26 सितम्बर 2025 को तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न इवेंट्स जैसे ओरल प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं फॉमूर्लेशन डी.आई.वाई. में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने कौशल एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. राजेश अग्रवाल, जनरल मैनेजर (फ&ऊ), मोदीमुंडी फामेर्सी लिमिटेड, मोदीपुरम,डॉ. विपिन कुमार, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, क्लिनिकल फामाकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉट्र्स, नई दिल्ली, जिन्होंने फामेर्सी से जुड़े समकालीन विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, फार्मासिंथ लेबोरेटरीज, नई दिल्ली ने अपने प्रेरणादायी विचारों और उत्कृष्ट हास्य शैली से छात्रों को उत्साहित किया। फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से छात्रों ने प्रभावशाली प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। यह संपूर्ण कार्यक्रम अभिनव अग्रवाल, डीन एकेडमिक्स, आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा तथा चीफ प्रॉक्टर डॉ. एच.सी. गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संपूर्ण आयोजन डॉ. मोनिका सचदेवा, प्रिंसिपल, आर.के.जी.आई.टी. फामेर्सी के सक्षम दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में 860 छात्रों ने प्रतिभाग कर रिकॉर्ड स्थापित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**।डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में भारत विकास परिषद मोदीनगर शाखा के तत्वाधान में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एस सी अग्रवाल की अध्यक्षता में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 860 छात्रों ने प्रतिभाग किया डॉ एस सी अग्रवाल ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपने देश के प्राचीन इतिहास वैदिक इतिहास वैदिक संस्कृति परंपराओं भारत के महान ग्रंथो महान विभूतियां, महान गाथाओं से परिचित कराना है। भारत विकास परिषद मोदीनगर शाखा के अध्यक्ष डॉ खेमराज आर्य के निर्देशन में 860 छात्रों को ओएमआर शीट के माध्यम से बहुविकल्पीय परीक्षा कराई गई भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वारा आज के युवा वर्ग को जो कि अपने देश की समृद्ध संस्कृति को लगभग भूल गया है उसका दिग्दर्शन कराया जाता है भारत विकास परिषद मोदीनगर शाखा के वरिष्ठ सदस्य डॉ कपिल शर्मा भारत को जानो प्रतियोगिता के अध्यक्ष श्री खेमराज आर्य और शाखा की सम्मानित सचिव महोदया शिवानी शर्मा हिमाली मोदी संयोजक महिला सहभागिता व अनुप्रिया मित्तल महिला सहभागिता सहसंयोजक श्रीमती रंजना शर्मा श्रीमती नेहा गुप्ता सदस्य भारत विकास परिषद गौरव शर्मा कोषाध्यक्ष आदि परीक्षा के समय उपस्थित थे परीक्षा के समय उपस्थित थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एस सी अग्रवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र सभी तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर तहसील और जनपद स्तर पर सम्मानजनक स्थान प्राप्त करते हैं। इस परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के प्रवक्ता तेजपाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, संजीव चौधरी, राहुल त्यागी, राजीव वर्मा डॉक्टर संजय श्रीमती वर्षा रानी, संजय कुमार, भूषण शर्मा, सोमबीर सिंह, राजेश कुमार, विनीत चौधरी ,संजय बंसल रविंद्रशर्मा ,महानंद सिंह, डॉ पूनम वशिष्ठ, बालकृष्ण, योगेंद्र कुमार, सुशील हरित, नरेंद्र कुमार, राम गोपाल कसाना, रामरतन वर्मा , गौरव त्यागी, तेजबीर सिंह, अजय कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# प्राथमिक विद्यालय मे आदर्श शक्ति पीटीएम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मुरादनगर (अनिल वशिष्ठ)**।प्राथमिक विद्यालय जलालपुर ब्लॉक मुरादनगर में आदर्श शक्ति पीटीएम ढळट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद लोकेश कुमार, एस एम सी सदस्य एवं विद्यालय के पूर्व छात्र उपस्थित रहे । पीटीएम में प्रशंसनीय संख्या में अभिभावक मौजूद रहे ।ढळट का मुख्य आकर्षण अच्छा कर रहे बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे स्वच्छता, लगातार उपस्थित और अच्छी पढ़ाई करने के लिए पुरस्कृत किया गया और साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने वाले अभिभावकों को भी पुरस्कृत किया गया। पीटीएम के सफल आयोजन में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापिका प्रीति का विशेष योगदान रहा। अभिभावकों द्वारा श्रीमती प्रीति एवं प्रधानाध्यापक श्री दीपक शुक्ला जी के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की गई।


# मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला जज अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के नियंत्रण में कुमार मिताक्षर सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के आदेश की देखरेख पर महिलाओं के लिए अधिक सुगम्यता का मार्ग प्रशस्त करना है।निर्मित वातावरण में समान पहुंच एवं समावेशित सुनिश्चित करना महिलाओं के कानूनी अधिकारों की पूर्ण जानकारी देना। शिविर का संचालन एडवोकेट ललित त्यागी सभासद द्वारा किया गया। शिविर की अध्यक्षता विनोद वैशाली चेयरमैन नगर पालिका मोदीनगर द्वारा कि गयी।जिसमें नगर पालिका चेयरमैन ने बताया कि अगर किसी भी महिलाओ को कोई भी समस्या हो तो अपनी शिकायत नगर मोदीनगर कर सकती है जिसका समाधान जल्द से जल्द कर दिया जाएगा। पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया कि मिशन शक्ति द्वारा महिला व छात्राओ को अपने कानूनी अधिकारा जैसे- घरेलू हिंसा के वाद ग्राम न्यायालय मोदीनगर मे ही चलाये जाते है, जिसमें घरेलू हिंसा, भरण पोषण, रहने के लिए प्रयाप्त स्थान आदि।घरेलू हिंसा के वाद की जानकारी पूर्ण रूप से देते हुए बताया कि छात्राओ को, सोशल मिडिया पर फोटो पोस्ट न करना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क सहायता व अधिवक्ता प्रदान करना प्रदान किये जाते है।महिलाओ के लिए सरकार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने टोल फ्री नं0 15100 पर घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकतें है, व वाद की जानकारी भी ले सकते है। अधिवक्ता सेवक राम वर्मा अधिवक्ता सुमित चौधरी ने बताया कि किसी भी महिला को कोई भी समस्या होती है तो निसंकोच अपनी शिकायत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नम्बर 15100 पर करा सकती है, ई0ओ0 नगर पालिका मोदीनगर नरेन्द्र मोहन मिश्र ने बताया कि कल से मोदीनगर में महिला हैल्प डेस्क लगायी जायेगी। अगर किसी भी महिला को कोई समस्या है तो वहा आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।तथा शिविर में हरप्रीत कौर, सभासद वेद प्रकाश चौधरी, सभासद प्रदीप शर्मा, सभासद ललित मित्तल, निशा जयसवाल, शिवानी, अमित कुमार सफाई निरीक्षक, आदि शिविर मे उपस्थित रहें।

# अबूपुर में नालियों के निर्माण और जलभराव की समस्या पर धरना समस्या से समाधान तक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**। ग्राम अबूपुर में स्वास्थ्य केंद्र व भूड़ मोहल्ले में नालियों के निर्माण न होने और जलभराव की समस्या को लेकर निर्वाण फाउंडेशन एवं पीड़ित ग्रामीणों ने 28 सितम्बर को स्वास्थ्य केंद्र के पास धरना शुरू किया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने 27 सितम्बर तक कोई कार्यवाही नहीं की, केवल टेंडर कॉपी दिखाकर जनता को भ्रमित किया गया। गौरतलब है कि आठ महीने पूर्व भी इसी स्थल पर निर्वाण फाउंडेशन के नेतृत्व में धरना हुआ था, जिसके बाद प्रशासन ने अबूपुर गेट से गंग नहर तक मुख्य मार्ग निर्माण हेतु ?1.69 करोड़ का बजट स्वीकृत किया और कार्य प्रारंभ भी हुआ।लेकिन स्वास्थ्य केंद्र मार्ग की अनदेखी अब भी बरकरार है। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने कहा की ₹जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।₹ समाजसेवी हरेंद्र शर्मा ने कहा कि निर्वाण फाउंडेशन ने पूर्व में भी ग्रामीणों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया और आज भी समस्या से समाधान तक जनता के साथ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नालियों का निर्माण कराने, जलभराव का समाधान करने और सरकारी धन के दुरुपयोग की जाँच कराने की मांग की।

# डीएम एवं एसएसपी द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना सिकन्द्राबाद परिसर में छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया

बुलंदशहर शासन के निदेर्शानुसार जनपद मे चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के दृष्टिगत शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के थाना सिकन्द्राबाद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को स्वावलंबी बनने, महिला सुरक्षा, सम्मान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम किया गया। बालिकाओं द्वारा जागरूकता के लिए तैयार की गई कविताओं को भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देकर उत्साहवर्धन किया गया एवं बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# जीएसटी बचत उत्सव को लेकर वित्त मंत्री ने वाराणसी के विभिन्न बाजारों में व्यापारियों एवं आमजनों से किया संवाद


(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी के दर में भारी कटौती को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने 27 सितम्बर शनिवार कों भोजूबीर स्थित गोपाल मिष्ठान भंडार,विशाल मेगा मार्ट,सहित प्रमुख प्रतिष्ठानों में जाकर जीएसटी दरों में भारी कटौती को लेकर लोगों से चर्चा की इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद देश में सबसे बड़ा आर्थिक सुधार किया है कहा कि नई जीएसटी दरों से आम जनमानस सहित व्यापारी वर्ग को अत्यधिक लाभ मिलेगा।नई जीएसटी दरों से आम उपभोक्ताओं को राहत, व्यापारियों को सरलता और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलेगी उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आम जनमानस के दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं, विशेषकर जीवन रक्षक दवाओं,रोटी कपड़ा और मकान से संबंधित वस्तुओं में छूट देकर आम जनमानस को राहत पहुंचाया है। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी,महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी,अरविंद सिंह, विवेक पांडे,प्रदीप जायसवाल, मनोज सोनकर,चंद्रशेखर उपाध्याय, जेपी सिंह,संदीप त्रिपाठी, जितेंद्र मिश्रा,सुनील सोनकर, पार्षद बलराम कनौजिया,दीपक सिंह,विकास सिंह, आनंद सिंह सहित अनेक व्यापारी संगठन के लोग भी मौजूद रहे।

# नीरज अग्रवाल ने अपने सहयोगियों सँग किया पत्रकार वार्ता कहा मेरे कर्मचारियों को बुरी तरह से मारा पीटा गया है कैंट थाने में एफआईआर दर्ज

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- सेन्ट्रल जेल स्थित निमार्णाधीन बिल्डिंग में 27 सितम्बर शनिवार कों नीरज अग्रवाल ने अपने सहयोगियों सँग किया पत्रकार वार्ता मिडिया से वार्ता कर नीरज अग्रवाल ने बताया की मेरे द्वारा व्यवसायिक शोरूम के लिए वन प्लेस कंपनी से सिकरौल स्थित बिल्डिंग को बीते 16 मई 2025 को खरीदा गया था जो जरिए रजिस्टर्ड बैनामा से खरीदा था जिस पर फिनिशिंग का कार्य पिछले चार माह से चल रहा था इसी मध्य राजपति सिंह एवं गौरव रघुवंशी द्वारा अपनी ऊपर तक पहुंच की धौंस दिखाते हुए धन उगाही का प्रयास किया गया जिस पर मैंने डर वश उपरोक्त लोगों के कहने पर राजपति सिंह के भाई विनय सिंह को ढाई लाख रुपये दिया था लेकिन कुछ दिनों के बाद पुनः धन उगाही के उद्देश्य से दहशत फैलाने के लिए दस बारह से अधिक की संख्या में आकर मेरे कर्मचारियों को बुरी तरह से मारा पीटा गया जिसका एफआईआर कैंट थाने में दर्ज है नीरज अग्रवाल आरोप लगाते हुए कहा की राजपति सिंह के परिवार के सदस्य आए दिन मेरे निर्माण सामग्री को उठा ले जाते हैं और मेरा सारा सामान तोड़ देते हैं अब मुझे परेशान करने के लिए झूठ एवं फर्जी कथनों के आधार पर वीडियो चलाया जा रहा है जिस पर मेरे द्वारा आईटी एक्ट एवं मानहानि की कार्रवाई की जाएगी।

# विदेशियों से ठगी करने वाले 29 अंतरराज्यीय ठगों को मिली जमानत

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- रोहनिया में फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर विदेशियों से साइबर क्राइम के जरिए करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में 29 अंतरराज्यीय ठगों को कोर्ट से राहत मिल गई अपर जिला जज (त्रयोदश) सुशील कुमार खरवार की कोर्ट ने सभी आरोपितों को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव,नरेश यादव,संदीप यादव व रोहित यादव ने पक्ष रखो अभियोजन पक्ष के अनुसार एडीसीपी नीतू कादयान और थाना प्रभारी निरीक्षक रोहनिया राजू सिंह को 4 सितम्बर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि रोहनिया क्षेत्र में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर नागालैंड,गुजरात, मेघालय,शिलांग समेत अन्य प्रदेशों के आरोपितो द्वारा साइबर क्राइम के माध्यम से ठगी किया जा रहा है इस सूचना पर पुलिस ने उक्त कॉल सेंटर पर छापेमारी की छापेमारी के दौरान मौके से कॉल सेंटर संचालक समेत कुल 29 लोग पकड़े गए साथ ही उनके पास से तलाशी में पुलिस को बड़ी संख्या में लैपटाप,डेस्कटाप,24 मोबाइल बरामद हुए पूछताछ में आरोपित कौशलेंद्र तिवारी (कॉल सेंटर संचालक) व अन्य ने बताया कि एक बाहरी कम्पनी से कालिंग पोर्टल खरीद लिया जाता है जिसपर लॉगिन करने के पश्चात हमें विदेशी नागरिकों के मोबाइल नंबर प्राप्त होते हैं पुनः उसी पोर्टल के माध्यम से हम लोग उन्हीं विदेशी नागरिकों के मोबाइल नम्बरों पर आईवीआर काल जनरेट करते हैं जो कि अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि प्लेटफार्म पर की गयी परचेजिंग व उसके डिलेवरी के कन्फर्मेशन से सम्बन्धित होती है चूंकि यह आईवीआर कॉल फर्जी होती है इसलिये विदेशी नागरिक इन प्रोडक्ट को लेने से पहले इनकार कर देते हैं फिर हमारे ऑफिस में बैठे डायलर इनसे फोन पर वार्ता कर तमाम प्रकार का झांसा जैसे पार्सल में ड्रग्स,चाइल्ड पोर्नाग्राफी कंटेंट आदि दिया जाता है तब जाकर यह लोग हम लोगों के झांसे में आ जाते हैं फिर डायलर द्वारा यह काल हमारे ऑफिस में बैठे एक अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर कर दिया जाता है और उसके द्वारा इन विदेशी नागरिकों के बैंक से संबंधित सभी एकाउंट आदि की जानकारी ले ली जाती है पुनः उस व्यक्ति द्वारा यह काल हमारे ही ऑफिस में बैठे तथाकथित लीगल अथॉरिटी/क्लोजर के पास ट्रांसफर की जाती है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर बड़ौत में हुआ भजन संध्या का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**बागपत,** उत्तर प्रदेश। विवेक जैन। बड़ौत नगर के तीर्थंकर ऋषभदेव सभागार में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर से आये सैंकडो अतिथियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उदघाटन प्रमुख समाजसेवी जिन्दल पब्लिक स्कूल गाजियाबाद के राम अवतार जिन्दल ने किया। कार्यक्रम के आयोजक श्री अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट बड़ौत के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों को पटका पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक विशाल शैली पटियाला और हरीश अनमोल दिल्ली ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट बड़ौत के अध्यक्ष सुनील मित्तल ने कार्यक्रम में आये अतिथियों, अग्रवाल महासंघ बड़ौत और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष मनोज सिंघल, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष विवेक गर्ग, मंत्री दीपक गोयल, मंत्री संदीप गर्ग, प्रेस प्रवक्ता उत्सव जिन्दल, ऑडिटर वैभव गुप्ता, संगठन मंत्री नितिन मित्तल, प्रचार मंत्री सचिन अग्रवाल, सह प्रचार मंत्री अमन सिंघल सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# नवरात्र में रविवार को भी खुलेंगे सभी रजिस्ट्री कार्यालय: डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जनपदवासियों को बड़ी राहत देते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने घोषणा की है कि 28 सितम्बर 2025, रविवार को भी जनपद के सभी रजिस्ट्री कार्यालय सामान्य रूप से खुले रहेंगे।

नवरात्र में नए घर, संपत्ति अथवा भूमि की खरीद-फरोख्त को शुभ माना जाता है, जिसके चलते इन दिनों रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने यह निर्णय लिया है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आवश्यक सेवाएं उन्हें समय पर मिल सकें। जिलाधिकारी माँदड़ ने कहा कि नवरात्र के दौरान लोगों की धार्मिक आस्था और उत्साह को ध्यान में रखते हुए यह जरूरी है कि रजिस्ट्री सेवाएं अविरल रूप से चलती रहें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी उप रजिस्ट्रार कार्यालयों में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि काम में तेजी बनी रहे और नागरिकों को लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी व्यवस्थाएँ जैसे कम्प्यूटर सिस्टम और नेटवर्क पूरी तरह से दुरुस्त रखी जाएं, ताकि कार्य बाधित न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि इस निर्णय से उन नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा जो सप्ताह के अन्य दिनों में अपनी व्यस्तताओं के कारण रजिस्ट्री नहीं करा पाते। अब वे रविवार को भी इस महत्वपूर्ण कार्य को आसानी से पूरा कर सकेंगे। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन से अपील की है कि रजिस्ट्री के लिए निर्धारित समय का पालन करें और आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार करके ही कार्यालय पहुंचे, ताकि काम में सुगमता बनी रहे और प्रक्रिया में कोई विलंब न हो। नवरात्र के इस विशेष अवसर पर लिया गया यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और जनता की भावनाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है। इससे न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि रजिस्ट्री कार्यालयों पर बढ़ते दबाव को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

## डीसीपी ट्रांस हिंडन ने शालीमार गार्डन और टीलामोड़ थानों का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने शनिवार को शालीमार गार्डन और टीला मोड़ थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली और थाने की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण और जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थानों के कार्यालय, अभिलेख, रजिस्टर, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आगुंतक कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति 5 केंद्र, मालखाना, हवालात, पुलिस बैरक और पूरे थाने परिसर का गहन अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई और अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। श्री पाटिल ने थानों के एसएचओ और एसओ को निर्देशित किया कि वे हमेशा अपराध नियंत्रण की स्थिति पर अपडेट रहें, सक्रिय बदमाशों की धरपकड़ में लापरवाही न बरतें और आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें।

# मुरादनगर विधायक ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर गाजियाबाद जनपद में शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने विकास भवन, कलेक्ट्रेट परिसर में किया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को सम्मानित करते हुए उन्हें निःशुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने जानकारी दी कि इस विशेष आयोजन में 12 व्हीलचेयर, 22 सेन्सर स्टिक और 20 जोड़ी कान की मशीनें वितरित की गईं। इसके अलावा तीन दिव्यांग खिलाडियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, जबकि 50 दिव्यांगजन को पेंशन स्वीकृति प्रमाणपत्र सौंपे गए। साथ ही दुकान निर्माण संचालन योजना के अंतर्गत 12 लाभार्थियों को भी प्रमाणपत्र देकर आत्मनिर्भरता की ओर बढे के लिए प्रोत्साहित किया गया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा हमें यह प्रेरणा देता है कि हम समाज के जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़े होकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उन्हें सम्मान व सहयोग देकर ही समावेशी विकास का सपना साकार किया जा सकता है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सेवा को समाज की मूल भावना बनाना है और हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि दिव्यांगजन राष्ट्र की शक्ति हैं और उन्हें सहयोग और सम्मान देकर ही समावेशी समाज की परिकल्पना पूरी हो सकती है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण प्रदीप कुमार पाण्डेय, सहसंयोजक देवेन्द्र यादव, दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील, भाजपा महामंत्री राजेश त्यागी, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, प्रदीप चौधरी, देवेंद्र यादव, ललित कश्यप, नीरज त्यागी, बलराम रावल, तरुण शर्मा, राहुल तोमर, पंकज भारद्वाज, गुंजन शर्मा, बीएल गौतम सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन शामिल हुए।

> आयोजन को लेकर सभी के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। दिव्यांगजनों ने सरकार और प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे न केवल उन्हें सहारा मिला है, बल्कि समाज की मुख्यधारा से जुडे का आत्मविश्वास भी प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम ने वास्तव में सेवा, सहयोग और सशक्तिकरण की भावना को नई दिशा प्रदान की।

# सरकारी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक बैठक से शिक्षा और जागरूकता का संचार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। यही विचार गाजियाबाद जिले में शिक्षा और जन जागरूकता को नई दिशा देने के लिए जिला पूर्ति विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यवहार में उतारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के समावेशी शिक्षा अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में हर माह आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) अब बच्चों और उनके परिवारों के लिए शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी का महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। जिले में जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी और उनकी टीम हर माह पीटीएम में उपस्थित होकर बच्चों और उनके अभिभावकों से संवाद कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाल रही हैं। इस अवसर पर उन्हें केवल बच्चों की पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि बच्चों और उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं का सही लाभ लेने, राशन कार्ड का उपयोग और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का भी कार्य करना होता है। गाजियाबाद में कई ऐसे परिवार हैं, जो अन्य राज्यों से आए हैं। इन परिवारों के पास तो राशन कार्ड है, लेकिन जानकारी के अभाव में वे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।



# राजनगर एक्सटेंशन में सड़क निर्माण का बड़ा काम शुरू



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़क निर्माण के कामों में तेजी आ गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निदेर्शों के क्रम में शनिवार को अग्रवाल हाइट से भट्टा नंबर 5 तक जाने वाली ग्राम मोरटी की खसरा संख्या 98 की अर्जित भूमि पर 30 मीटर चौड़ी सड़क का चिन्हांकन कर मिट्टी भराई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य की शुरूआत किसानों की सहमति से की गई, जबकि प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि लगभग 700 मीटर हिस्से में किसानों के मतभेद के कारण सड़क निर्माण कार्य रुक गया था। दो दिन पहले हुई समीक्षा बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष को बताया गया था कि बंधा रोड से नूर नगर तक जाने वाली 18 मीटर चौड़ी सड़क पर मिट्टी भराई एवं सीवर लाइन बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। वहीं, रिवर हाईट सोसाइटी के पास निर्मित 24 मीटर चौड़ी सड़क से ग्राम नूर नगर तक 24 मीटर चौड़ी सड़क पर मिट्टी भराई और सीवर लाइन डालने का कार्य प्रगति पर है। राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य मार्ग, जो ग्राम सिकरोड से होते हुए मेरठ रोड को जोड़ती है, के शेष 900 मीटर हिस्से में सड़क निर्माण का शुभारंभ विधायक द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। साथ ही, ₹हम तुम रोड₹ का चौड़ीकरण कार्य भी जल्द ही आरंभ होगा।

## एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य समापन

वेलकम इंडिया

**एनसीआर/ग्रेटर नोएड।** एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा शनिवार को प्रबंधन, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अंतःविषयक अनुसंधान और नवाचार पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा और अंतिम दिवस भव्य रूप से आयोजित किया। इस आयोजन ने न केवल शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एचआईएमटी की प्रतिबद्धता को उजागर किया, बल्कि छात्रों और शोधकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में काम किया।

सम्मेलन में प्रमुख पैनलिस्ट के रूप में डॉ. अंशुमान शर्मा, निदेशक-शोध, एशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मणिपुर; डॉ. कुश सक्सेना, एसोसिएट प्रोफेसर, सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी, तंजानिया; डॉ. रश्मि मिश्रा, विभागाध्यक्ष-बायोटेक्नोलॉजी, एनआईईटी, ग्रेटर नोएडा; प्रो. (डॉ.) मीनू सिंह, प्रोफेसर, आईआईएलएम विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। सम्मेलन के की-नोट स्पीकर अतुल टंडन, सीईओ, केकनेक्शन्स इंडिया ने अपने संबोधन में कहा कि अंतःविषयक शोध उतना ही महत्वपूर्ण है उद्योग के लिए जितना कि शैक्षणिक जगत के लिए। यह केवल नए विचारों को जन्म नहीं देता, बल्कि वास्तविक उद्योगिक समस्याओं के समाधान में भी योगदान करता है। सम्मेलन के दूसरे सत्र में वैलिडिक्ट्री सेशन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ब्रजेश कुमार, सीईओ-आईएएससी सेक्टर स्किल काउंसिल, नोएडा ने कहा कि कौशल और ज्ञान कभी व्यर्थ नहीं जाता, यह हमेशा व्यक्ति और समाज की प्रगति में योगदान देता है। उनके विचारों ने प्रतिभागियों को अपने ज्ञान और क्षमता का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। एचआईएमटी समूह के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने सम्मेलन के आयोजन समिति और संकाय सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि एचआईएमटी हमेशा शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई मिसालें कायम करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर 'शक्ति खेल स्पर्धा' का मेगा आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से जनपद में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश पर शनिवार को विद्यालय स्तरीय शक्ति खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन किया गया। इस मेगा इवेंट में छात्राओं ने खेल, कला और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर संदेश दिया कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

जनपद के 228 विद्यालयों की छात्राओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, कैरम, रस्सी कूद, बैडमिंटन, चित्रकला, निबंध लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां शामिल रहीं। प्रतिभागी छात्राओं ने न सिर्फ खेल भावना दिखाई बल्कि टीम वर्क, साहस और नेतृत्व क्षमता का भी परिचय दिया। विद्यालय स्तर पर विजेता छात्राएं आगामी 28 सितम्बर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, और वहां विजयी प्रतिभागियों को 29 सितम्बर को हिंदी भवन में आयोजित मिशन शक्ति सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति मंच की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों की छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया। बैठक में महिलाओं को शासन की योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए करियर निर्माण क्यों आवश्यक है, चाहे वह नौकरी हो या स्वरोजगार। प्रतिभागी महिलाओं ने इस जानकारी को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें सशक्त बनने की नई दिशा मिली है। छात्राओं ने कार्यक्रम के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उन्हें आत्मविश्वास और अवसर देती हैं। उनका कहना था कि लड़कियों को कमजोर नहीं समझना चाहिए। वे हर क्षेत्र में लड़कों के बराबर हैं और केवल सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने की आवश्यकता है। इस आयोजन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजय नगर गाजियाबाद, मॉडल इंटर कॉलेज लोनी मुस्तफाबाद, राजकीय हाई स्कूल अतरौली, राजकीय हाई स्कूल मतौर, टीवीएस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर समेत कई विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम ने न केवल छात्राओं की प्रतिभा को मंच दिया, बल्कि महिला सशक्तिकरण की भावना को भी मजबूती प्रदान की।

## छात्रों के आधार अपडेट के लिए लगा विशेष कैंप

**गाजियाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद और डाक विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को छबीलदास पब्लिक स्कूल, पटेल मार्ग में विशेष आधार अपडेट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में बच्चों के आधार कार्ड अपडेट किए गए। यूआईडीएआई द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार सभी विद्यालयों में छात्रों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट कराया जाना आवश्यक है। इसमें 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए रूक्क-1 और 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों के लिए रूक्क-2 कराना अनिवार्य है। मंडलीय नोडल अधिकारी श्री राजीव त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश में विद्यार्थियों का बायोमैट्रिक अपडेट प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने कहा कि यू-डाइस पोर्टल पर जिन छात्रों का आधार रूक्क पेंडिंग है।

# सोसायटी और दुकानों में निरीक्षण कर रविंद्र तिवारी ने जनता को किया सुरक्षित और जागरूक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की दरों में बड़े बदलाव किए गए, जिसके तहत कई दैनिक उपयोग की वस्तुएं अब कम कर या कर मुक्त हो गई हैं। यह नई दरें 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हो चुकी हैं।

लेकिन शहर के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि कुछ दुकानदार अभी भी पुराने दामों पर ही सामान बेच रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी और असंतोष बढ़ गया है। फाइनेंशियल कंसलटेंट रविंद्र तिवारी ने इस स्थिति पर गहन ध्यान दिया और शनिवार सुबह अपनी सोसायटी की दुकान पर निरीक्षण करते हुए स्थिति का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सोसायटी निवासी आरपी ओझा जब सामान खरीद रहे थे, तब दुकानदार ने जीएसटी कम होने के बावजूद पुराने दाम पर राशि वसूल की। रविंद्र तिवारी ने पूरी घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। रविंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार ने कई वस्तुओं पर जीएसटी दर घटा दी है। इसके बावजूद कुछ दुकानदार पुराने दामों पर सामान बेच रहे हैं। यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे बिल की जांच अवश्य करें और किसी भी अनियमितता को नजरअंदाज न करें। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही ऐसे मामलों में बदलाव ला सकते हैं। अगर हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेंगे और समय पर शिकायत दर्ज कराएंगे, तो दुकानदार नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

# प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर 1 में आदर्श शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** मुरादनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर 1 में शनिवार को आदर्श शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। यह गोष्ठी विशेष महत्व की रही क्योंकि शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत इस अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर अभिभावकों को आमंत्रित करने के लिए आकर्षक निमंत्रण पत्र तैयार किए और फोन कॉल्स के माध्यम से भी आमंत्रण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों द्वारा सभी अभिभावकों का तिलक और पुष्प अर्पित कर स्वागत से किया गया।

# फुल एनकाउंटर और मिशन शक्ति की सफलता पर महापौर व नगर आयुक्त ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत संगठित अपराध, माफियागिरी और अवैध वसूली पर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने कठोर प्रहार किया है। पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ की जा रही यह निर्णायक कार्रवाई अब जनमानस में सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। इसी क्रम में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिस की साहसिक उपलब्धि और एनकाउंटर टीम की वीरता को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में महापौर ने कहा कि गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने जिस साहस और शौर्य का परिचय दिया है, वह जनपद के गौरव को बढ़ाता है। विशेषकर महिला पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर ने यह साबित कर दिया है कि महिलाएं किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटतीं। यह उपलब्धि न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूती देती है बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी प्रेरणादायक उदाहरण है। नगर आयुक्त ने कहा कि पुलिस की त्वरित और साहसिक कार्रवाई से अपराधियों में खौफ पनपा है और गाजियाबाद को भयमुक्त व सुरक्षित बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त उपासना पांडेय, जिनके कुशल पर्यवेक्षण में महिला थाना प्रभारी रीतु त्यागी और उनकी टीम ने एनकाउंटर कर शातिर अपराधी जितेन्द्र को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने महिला पुलिस का हौसला बुलंद किया और समाज में नया संदेश दिया।